

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार


■ रायपुर,बुधवार 19 मार्च 2025 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-05 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-346 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

फ्लोरिडा तट पर कैप्सूल की लैंडिंग के बाद व्यवस्था में जुटे कर्मचारी।



ड्रैगन कैप्सूल के अंदर बैठे चारों अंतरिक्ष यात्री



तीसरे नंबर पर सुनीता विलियम्स को बाहर निकाला गया।

# 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स

## फ्लोरिडा तट पर लैंड हुआ यान, ड्रैगन ने दिलाई अंतरिक्ष की 'कैद' से फ्रीडम

**फ्लोरिडा,19 मार्च।** भारतीय मूल की अमेरिकी नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन (286 दिन) बाद धरती पर लौट आए हैं। फ्लोरिडा के तट पर भारतीय समय के अनुसार तड़के लगभग 3.30 बजे स्पेसएक्स के 'ड्रैगन कैप्सूल' ने समुद्र में लैंड किया। यह मिशन सिर्फ 8 दिनों के लिए था, लेकिन यान में खराबी के कारण इसमें रिकॉर्ड 9 महीने लग गए। सुनीता विलियम्स पिछले 286 दिन से अंतरिक्ष में फंसी हुई थी। इस लैंडिंग के साथ ही ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन का समापन हो गया।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से उन्हें पृथ्वी पर लौटने पर 17 घंटे का वक्त लगा। स्पेसक्राफ्ट के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के तक कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा। ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08ः35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10.35 बजे स्पेसक्राफ्ट ढ्रुस्स से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2ः41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया।

इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर पानी में लैंडिंग। धरती पर वापसी के बाद सुनीता विलियम्स काफी खुश दिखाई दीं। उनके चेहरे पर मुस्कान ये बयां कर रही थीं कि वापस अपने घर लौटने पर वो कितनी खुश हैं।

### 900 घंटे की रिसर्च पूरी की

नासा ने बताया कि 286 दिन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहते हुए सुनीता विलियम्स और उनकी टीम ने 900 घंटे की रिसर्च पूरी की। उन्होंने इस दौरान करीब 150 एक्सपेरिमेंट्स किए। सुनीता विलियम्स दुनिया की पहली महिला बन गई हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में इतना समय बिताया। नासा ने ये भी बताया कि सुनीता ने स्पेस स्टेशन के बाहर भी 62 घंटे, 9 मिनट बिताए यानी 9 बार स्पेसवॉक किया। सुनीता विलियम्स ने आईएसएस पर कई इंपोर्टेंट रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम किया। इन रिसर्च में ग्रैविटी, फ्यूल सेल्स, रिएक्टर्स, योन्यूट्रिएंट्स प्रोजेक्ट, बैक्टीरिया का साइंटिफिक इस्तेमाल शामिल हैं। सुनीता विलियम्स ने बायोन्यूट्रिएंट्स परियोजना में भाग लिया, जिसमें वैज्ञानिक जीवाणुओं का उपयोग करके पोषक तत्वों का उत्पादन करने के तरीकों का अध्ययन करते हैं। यह परियोजना अंतरिक्ष यात्रियों के लिए ताज़ा पोषक तत्व प्रदान करने में मदद कर सकती है।

### सुनीता विलियम्स के पैतृक गांव में जश्न

सुनीता विलियम्स की 9 महीने बाद अंतरिक्ष से वापसी की खबर सुनते ही गुजरात में उनके पैतृक गांव में जश्न का माहौल है। पैतृक गांव झूलासन में लोगों ने खुशी जाहिर की और पटाखे फोड़े।

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले- ये गर्व का पल

सुनीता विलियम्स की वापसी पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, 'गौरव, गर्व और राहत का पल! पूरा विश्व भारत की इस बेटी की सुरक्षित वापसी का जश्न मनाने के लिए एक साथ आया है, जो अंतरिक्ष में अनिश्चितताओं को सहन करने के साहस, दृढ़ विश्वास और स्थिरता के लिए इतिहास में दर्ज हो गई है।

### डॉल्फिनों ने किया स्वागत




सुनीता विलियम्स का ड्रैगन कैप्सूल जैसे ही समंदर में छपाक की तेज आवाज से गिरा कुछ ही देर बाद वहां अद्भुत अप्रतिम दृश्य देखने को मिला। समंदर में सुनीता के यान को डॉल्फिन ने घेर लिया और वे समुद्र में उछलने लगीं। ऐसा लगा ये मछलियां 9 महीने बाद धरती पर लौटीं सुनीता का स्वागत कर रही हो। ये बहुत खूबसूरत दृश्य था।

### 'स्वागत है क्रू-9, धरती ने तुम्हें याद किया': मोदी

**नई दिल्ली,19 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स को बधाई दी तथा बुच विल्मोर के साथ धरती पर कदम रखने पर उनका स्वागत किया। मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण मानव क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में है, सुनीता विलियम्स ने अपने पूरे करियर में इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'क्रू 9' की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले सभी लोगों पर गर्व है। उन्होंने लिखा आपका स्वागत है, क्रू9! धरती ने आपको याद किया। नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि यह उनके धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। सुनीता विलियम्स और क्रू9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तव में क्या मतलब है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस करना। सुनीता विलियम्स, एक अग्रणी और एक आइकन, ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है।

## संक्षेप

### एमआईसी की बैठक 20 को

**रायपुर,19 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मीनल चौबे के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम सचिवालय द्वारा दिनांक 20 मार्च 2025 गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे नगर निगम की मेयर इन काउंसिल ( एमआईसी) की बैठक आहुत की गयी है. एमआईसी की बैठक नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में होगी. उक्त जानकारी नगर निगम सचिव श्री सूर्यकान्त श्रीवास्तव ने दी है.

### रजनेश सिंह बने एसएसपी



**रायपुर,19 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के तेजतर्रार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी रजनेश सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत कर दिया है। उनकी यह पदोन्नति 01 जनवरी 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। यह आदेश गृह (पुलिस) विभाग के सचिव हिम शिखर गुप्ता ने जारी किया।

### जोगीपाली-कनकी जंगल में भीषण आग

**कोरबा।** जिले के जोगीपाली-कनकी जंगल में बीती रात भीषण आग लग गई, जिससे जंगल धधकता रहा. आग धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर बड़े इलाके में फैल गई. ग्राम पंचायत जोगीपाली के ग्रामीणों ने जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग को दी, लेकिन वनकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश करते नहीं दिखे. आग के कारण जंगल को भारी नुकसान हुआ है. ग्रामीणों को संदेह है कि यह आग किसी असामाजिक तत्व द्वारा जानबूझकर लगाई गई है. फिलहाल, वन विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में रोष है.

## समय पर होगा मंत्रिमंडल विस्तार : सीएम

रायपुर,19 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार के साथ प्रदेश के निगम-मंडलों में नियुक्तियों को लेकर चर्चा




के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि सब होगा, मंत्रिमंडल का भी विस्तार होगा, और निगम मंडल में भी नियुक्तियां जल्द होंगी.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दो दिन के दिल्ली प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर नगरीय निकाय के साथ पंचायत चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत से अवगत कराया. इस जीत को सुशासन, विकास और विश्वास की जीत बताया. उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से जो लड़ाई हमारे जवान लड़ रहे हैं, उसके बारे में चर्चा हुई. मुख्यमंत्री साय ने बताया कि शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी चर्चा हुई. नगरी क्षेत्र के विकास के संबंध में बात हुई. छत्तीसगढ़ में 3 लाख करोड़ के निवेश पर चर्चा हुई. प्रदेश के हर क्षेत्र में थर्मल, हाइडल, कोल्ड स्टोरेज में ऊर्जा का प्रोडक्शन पर भी चर्चा हुई. कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का दौरा और कांग्रेस पार्टी की बैठक पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी मुलाकात (सचिन पायलट से) हुई. एक ही प्लेन पर आए हैं. लेकिन बैठक उनका मामला है. लेकिन जो हाल होना था, कांग्रेस पार्टी का वह हो चुका है.

## बैगा आदिवासी क्षेत्र में नलकूप खनन में धांधली

### भाजपा विधायक की मांग पर मंत्री ने दिया जांच का आश्वासन

रायपुर,19 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में बैगा आदिवासी क्षेत्र में नककूप खनन में धांधली का मामला उठा. विधायक भावना बोहरा ने मामले की मांग पर मंत्री केदार कश्यप ने जानकारी उपलब्ध कराने पर जांच कराने का आश्वासन दिया. पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रश्नकाल में कहा कि आदिवासी बैगा क्षेत्र में पानी दिए जाने के लिए वह नलकूप खनन की जानकारी जो मांगी गई थी, वह बदली हुई है. जानकारी के मुताबिक, इसमें साल बदल दिया गया है? इस पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जो प्रश्न अपने लगाया है, उसकी जानकारी दी गई है. नलकूप खनन या नल लगाए जाने का कोई कार्य नहीं किया गया है, और यही जानकारी दी गई है. इस पर सभापति ने कहा कि इसकी अवधि मंत्रालय से ही कम की गई है. विधायक ने सवाल किया कि क्या कृषि के लिए बोरवेल खनन का कोई प्रावधान रखा है? इस पर मंत्री ने कहा कि पीएम जन मन योजना के तहत बहुत सारे कार्य होते हैं. हमारी कोशिश है कि पिछड़े वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ दिया जाए कोई अलग से जानकारी हो तो बता दे हम जांच करवा लेंगे. विधायक भावना बोहरा ने कहा कि 2019 का नलकूप खनन में 93 नलकूप खनन का कार्य होना था, जिसमें बहुत ज्यादा धांधली हुई है, अधिकारी और ठेकेदारों की मिली भगत थी, क्या इसकी जांच कराएंगे? इस पर मंत्री ने कहा कि जो भी जानकारी दी गई है, अलग से उपलब्ध करवा दें, दिखावा लेंगे. बैगा जनजाति के लोगों के लिए जाने सदैव बेहतर क्रियान्वयन करना है.

### रेडी टू ईट वितरण में अनियमितता से मंत्री ने किया इंकार

विधानसभा में बुधवार को ध्यानाकर्षण में रेडी टू ईट वितरण में अनियमितता का मामला उठा. विधायक बालेश्वर साहू ने जांजगीर-चांपा क्षेत्र में लम्बे समय से रेडी टू ईट का वितरण नहीं होने की बात कही. इस पर मंत्री के इंकार करने पर सभापति ने अधिकारियों को जांच करने के निर्देश देने की बात कही. मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में जांजगीर-चांपा में रेडी टू ईट का वितरण नहीं होने की बात पर कहा कि यह कहना गलत है कि बीज निगम से रेडी टू ईट वितरण नहीं किया जा रहा, सभी जगह आपूर्ति हो रही है. कहीं कोई गड़बडी नहीं है. इस पर समाचार का हवाला देते हुए विधायक ने कहा कि 15 से 30 तारीख तक भंडारण करना होता है, लेकिन मार्च में नहीं हुआ.

## सड़क दुर्घटना में 3 की मौत

**बागबाहरा,19 मार्च।** खरियारोड बागबाहरा हाइवे में बीती रात जबरदस्त एक्सीडेंट में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, सुअरमार केरामुड़ा के पास ईको कार में 9 लोग सवार थे। जो शादी समारोह खुर्सीपार गांव में शामिल होने आए हुए थे। जो वापस अपने गृह ग्राम खोपली पड़ाव वापस लौट रहे थे। जो सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना मंगलवार करीब रात 1 बजे की बताई जा रही है।

मृतक ग्राम बागबाहरा खोपली के जोहन साहू, (52), पूनम साहू (38) तथा खुशी डेढ साल की इस घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं राजुकमारी, गणेशी, बबीता साहू, रूपांशु, भुमांशी गंभीर रूप से घायल हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है वहां जबरदस्त टर्निंग हैं, अनुमान लगाया जा रहा है वाहन चालक अपने दिशा में कार को मोड़ नहीं पाया होगा और सामने दिशा से आ रही वाहन पर जा टकराया होगा। घटना की सूचना के बाद कोमाखान पुलिस पहुंची जांच में जुटी है। ईको कार का सामने हिस्सा बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गई है। कोमाखान पुलिस के अनुसार खोपली निवासी परिवार खुर्सीपार शादी समारोह में गए हुए थे। जो वापस लौट रहे थे। तभी केरामुड़ा टर्निंग के पास बागबाहरा की तरफ से आ रही हल्दी राम कंटेनर में ईको कार विपरीत दिशा होकर जा टकराया। जिससे घटना स्थल पर ही दो की मौत हो गई वहीं 1 की मौत आज सुबह हुई है।



इस घटना में 6 लोग घायल हैं जिनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद हल्दीराम कंटेनर का ड्रायवर वाहन छोड़ भाग निकला। अभी जांच जारी है।

## छग के 5 जिलों में खुलेंगे सरेंडर कैम्प

**रायपुर,19 मार्च।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के विभागों पर विधानसभा में बजट पर चर्चा पूरी हो चुकी है।। इस दौरान उन्होंने नक्सलवाद के उन्मूलन, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और जेल सुधार को लेकर कई अहम घोषणाएं की हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने राज्य में नक्सल समस्या को समाप्त करने के लिए व्यापक योजना का ऐलान किया है। उन्होंने बताया है कि, बस्तर के पांच जिलों में आत्मसमर्पण कैंप स्थापित किए जाएंगे, जहां नक्सलियों को सरकार की ओर से पुनर्वास की सुविधा मिलेगी। इसी तरह आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जाएगा। पुनर्वास के तहत प्रत्येक आत्मसमर्पित नक्सली को हर महीने 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। गृहमंत्री बिजय शर्मा ने यह भी बताया कि, बस्तर में इलवत पंचायत अभियान शुरू किया जाएगा, जिससे ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। जो गांव नक्सल मुक्त घोषित होगा, उसे सरकार द्वारा 1 करोड़ रुपये की विशेष सहायता प्रदान की जाएगी। प्रदेश के गृहमंत्री ने अपने वादा दोहराते हुए कहा कि, सरकार ने मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। गृहमंत्री ने घोषणा की कि शहीद जवानों की प्रतिमाएं उनके गांवों में स्थापित की जाएंगी, ताकि उनकी वीरता और बलिदान को यादगार बनाया जा सके। पुलिस बल को नई पहचान देने की दिशा में भी बड़े कदम उठाये जा रहे है। इसके तहत अब वरिष्ठ आरक्षक को पुलिस अधिकारी का दर्जा दिया जाएगा। उन्हें जांच करने का अधिकार भी मिलेगा, जिससे पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इनके अलावा गृहमंत्री विजय शर्मा ने राज्य की जेल व्यवस्था में सुधार के लिए कई नई योजनाओं का ऐलान किया है। बताया कि, फ़िलहाल प्रदेश की जेलों की अधिकतम क्षमता 14,733 कैदियों की है, लेकिन वर्तमान में 18,525 कैदी जेलों में बंद हैं। 64 नई बैरकों का निर्माण कार्य जारी है, जो जल्द ही पूरा कर कैदियों के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराएगा। इसी तरह प्रदेश की जेलों में गौशालाएं भी स्थापित की जाएंगी, ताकि कैदियों को पशुपालन और स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। गृहमंत्री विजय शर्मा ने विश्वास जताया कि इन कदमों से राज्य में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी, नक्सलवाद खत्म होगा और विकास को नया आयाम मिलेगा।

## कवासी लखमा से पूछताछ के लिए रायपुर जेल पहुंची ईओडब्लू की टीम

**रायपुर,19 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित आबकारी घोटाले में जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से अब आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने भी पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, आज सुबह DSP और इंस्पेक्टर स्तर के दो अधिकारियों की टीम रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची, जहां वे लखमा से इस घोटाले के पैसों के नक्सल कनेक्शन समेत 12 अहम सवालों पर जवाब मांगेंगे।

EOW की टीम को 19 और 20 मार्च को पूछताछ की इजाजत मिली है। इससे पहले, जांच एजेंसी ने विशेष ईडी कोर्ट से अनुमति लेकर यह कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान यह इनपुट मिला है कि आबकारी घोटाले से जुड़े पैसे का कुछ हिस्सा नक्सलियों तक भी पहुंचा है। अब EOW इस मामले में लखमा से सीधे सवाल करेगी।

**सचिन पायलट ने की लखमा से मुलाकात-** गौरतलब है कि आज इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे, जहां उन्होंने कवासी लखमा से मुलाकात की। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक देवेंद्र यादव समेत कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में लखमा की कानूनी लड़ाई और पार्टी की आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि कवासी लखमा फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल में बंद हैं। आबकारी घोटाले को लेकर पहले ही कई बड़े अधिकारियों और कारोबारियों पर शिकंजा कस चुका है। अब देखना होगा कि EOW की पूछताछ से इस मामले में और कौन-कौन से नए खुलासे होते हैं।

### गैरेज के बाहर खड़ी 6 गाड़ियां जलकर खाक

**दुर्ग,19 मार्च।** भिलाई के सेक्टर-10 स्थित बी मार्केट में शनिवार रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग कार गैरेज के सामने खड़ी गाड़ियों में लगी, जिससे देखते ही देखते छह कारें जलकर खाक हो गईं। यह गैरेज ऐजाज़ अहमद का बताया जा रहा है, जिन्हें इस हादसे में लाखों का नुकसान हुआ है। घटना भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना के बाद तुरंत बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग आसपास की दुकानों और अन्य वाहनों तक नहीं पहुंची, वरना नुकसान और बड़ा हो सकता था।

### सदन में गूंजा छात्रावासों में मौत का मामला

**रायपुर,19 मार्च।** बस्तर जिले में संचालित सरकारी आश्रम, छात्रावासों में लगातार हो रहे बच्चों की मौत का मामला आज सदन में जोर शोर से गूंजा। विपक्ष ने पिछले 3 साल में यहां होने वाली मौतों की जानकारी छिपाने का आरोप सरकार पर लगाया। विभाग की ओर से मिले जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन की कार्यवाही से वॉकआउट कर दिया। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक बघेल लखेश्वर ने बस्तर संभाग के आश्रम, छात्रावासों में विगत तीन साल में हुई मौतों और इसके लिए दोषीयों पर हुई कार्रवाई की जानकारी मांगी। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम की अनुपस्थिति में उनके भारसाधक मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि वर्ष 2022 से 2025 की अवधि में इन आश्रम, छात्रावासों में कुल 25 मौतें हुई हैं। मंत्री पर गलत जवाब देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायक ने बताया कि इस अवधि में यहां 40 मौतें हुई हैं, अधिकारी जान बूझकर वास्तविक आंकड़ा छिपा रहे हैं ऐसे अधिकारी पर सरकार क्या कार्रवाई करेगी। भारसाधक मंत्री केदार कश्यप इसका संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। इससे नाराज होकर कांग्रेस विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### उद्यानिकी और वानिकी कॉलेजों में अनुसंधान का मुद्दा उठा

**रायपुर,19 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बुधवार को भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उद्यानिकी और वानिकी कॉलेजों का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि प्रदेश के 15 महाविद्यालय के नाम में अनुसंधान केंद्र का नाम जुड़ा है, लेकिन एक भी महाविद्यालय में नहीं होता अनुसंधान कार्य है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इसके साथ उद्यानिकी और वानिकी कॉलेजों में स्वीकृत और रिक्त पदों का मुद्दा उठाया. मंत्री केदार कश्यप ने सदन को बताया कि 692 रिक्त पदों में से केवल 69 पद ही भरे गए हैं. मौजूदा समय में उद्यानिकी और वानिकी महाविद्यालयों में 623 पद रिक्त हैं.

## एक नजर



### शादी का कार्ड छपाई का काम जोरों से

**कवर्धा।** पोड़ी गांव में शादी की कार्ड की छपाई के अच्छे आर्डर मिलने से व्यापारियों में खुशी की लहर दिख रही है और कवर्धा में भी शादी कार्ड की छपाई जोरों से हो रही है ।

### पोड़ी बस स्टॉप पर प्रतीक्षालय ओर प्याऊ घर न होने से भीषण गर्मी में लोग परेशान

**कवर्धा, 18 मार्च।** कवर्धा से 15 किलोमीटर दूर पोड़ी बस स्टॉप पर बिलासपुर , मंडला , कवर्धा , रायपुर , कांकेर , पुणे जाने वाली बसे रुकती है लेकिन यात्रियों के लिए बैठने के लिए कुर्सी नहीं होने के कारण जमीन पर बैठते है या खड़े रहते है और भीषण गर्मी का भी बस का इंतजार करने वाले लोगों पर धूप का असर पड़ता है । शादी का सीजन है और बस स्टॉप पर भारी भीड़ रहती है और यात्री प्रतीक्षालय के साथ प्याऊ घर होना चाहिए बस में बैठने से पहले नागरिकों ने कही । प्रतिदिन दिन कॉलेज छात्र छात्राएं और सैकड़ों से ज्यादा लोग बस का इंतजार करते है।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार




**भिलाई, 18 मार्च।** भिलाई तालपुरी के रहने वाले युवक से मछली पालन व मोती पालन के लिए लोन दिलाकर 50 फीसदी सब्सिडी के नाम पर 10ण्45 लाख रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी दिनेश सरकार को भिलाईनगर पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पारिजात अपार्टमेंट तालपुरी निवासी अभिषेक बन्छोर ;33वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि जुलाई 2023 में आरोपी दिनेश ने उसके घर आकर नमो एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में मछली व मोती पालन करने के लिए 10 लाख 45 लाख दिलाने की बात की। साथ ही उस लोन पर 50 फीसदी तक का सब्सीडी दिलाने का झांसा दिया। उसकी बातों में आकर प्रार्थी ने उसे 10ण्45 लाख रुपए की रकम सौंप दी। हाथ में पैसा आने के बाद दिनेश ने लोन दिलाया और न उसकी रकम वापस की इस मामले में भिलाई नगर पुलिस ने धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया विवेचना के दौरान आरोपी दिनेश को रायपुर से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया है ।

### चाकू से लोगों को डरा रहा था,गिरफ्तार

**भिलाई, 18 मार्च।** भिलाई पुराना सब्जी मंडी राधिका नगर में धारदार चाकू लेकर गुडागर्दी करने वाले बदमाश को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से से चाकू बरामद कर लिया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 17 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक सब्जी मंडी राधिका नगर में चाकू दिखाकर आने.जाने वालों को डरा रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पकड़ा आरोपी अजय गजभिये ;22 वर्षद्ध निवासी संजय नगर सुपेला के पास से स्टील का चाकू बरामद किया है ।

# विकासखंड सहसपुरलोहारा के परीक्षा केन्द्रों का जिला उड़नदस्ता ने किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,18 मार्च ।** मंगलवार छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 कक्षा बारहवीं हेतु विज्ञान संकाय से रसायन शास्त्र, कला संकाय - राजनीति विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लेखाशास्त्र विषय का परीक्षा निरीक्षण के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी उडनदस्ता दल क्रमांक 02 द्वारा सहा. संचालक यू.आर. चन्द्राकर व दल के सदस्यों सतीश यदु एम.आई.एस. प्रशासक, व्याख्याता भगवती हठीले द्वारा सहसपुर लोहारा विकासखंड के परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. उड़िया खुर्द, सेजेस स.लोहारा एवं शास.उ.मा.वि.सिल्हाटी परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान कक्षा आठवी के लिए केन्द्रीकृत मूल्याकंन परीक्षा केंद्र शास.पूर्व माध्यमिक शाला महराजपुर, शास.पूर्व माध्यमिक शाला उड़िया खुर्द व शास.पूर्व माध्यमिक शाला सिल्हाटी का निरीक्षण किया गयख । परीक्षा सुचारू रुप से सुव्यवस्थित शांतिपूर्वक संचालित मिला । परीक्षा केन्द्रो में समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता रही। परीक्षा कक्ष पर्यवेक्षण हेतु संबंधित विषय/संकाय का अध्यापन करने वाले शिक्षकों को अनिवार्यत- उक्त परीक्षा दिवस में पर्यवेक्षक का दायित्व से पृथक? रखने हेतु निर्देशित किया गया । निरीक्षित परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान अनुचित साधन का अनुप्रयोग करने वाले परीक्षार्थी संख्या प्रकरण निरंक रही । केन्द्र में ग्लूकोज व प्राथमिक उपचार सामग्रियां हेतु सुझाव दिया गया। बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों व पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा है।

# रमजान में जारी है रोजा रखने का सिलसिला दूसरा अशरा मगफिरत का चल रहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 मार्च।** रमजान मुबारक के तीन अशरे (दस दिन) होते हैं जिसमें पूरा रमजान 30 दिन का मुकम्मल होता है। होली के बाद स्कूली स्तर पर ज्यादातर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं हो चुकी हैं। ऐसे में माहे रमजान के दौरान नन्हें बच्चे भी इबादत की राह पर हैं।

मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 के मौलाना हाफिज इनामुल हक बताते हैं अल्लाह के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इंसानों को अल्लाह के अहकाम पैगाम पहुंच कर उनको पूरा करने का तरीका भी बताया दिया है। रमजान में पहला अशरा (दस दिन) रहमत का होता है दूसरा मगफिरत (माफी) ओर तीसरा जहन्नुम (नरक) से आजादी का होता है। इस्लाम में हर इबादत बालिगों पर फ़र्ज़ होती है। औसतन 10 वर्ष की उम्र में माहे रमजान मुबारक में छोटे छोटे बच्चे भी रोजा रखते हैं। इन बच्चों पर अभी रोज़ा फ़र्ज़ नहीं है फिर भी अपने बड़ों व घर वालों को देखकर इनके अंदर अल्लाह के इस हुक्म को पूरा करने का जज्बा देखने मिल रहा है। कोई 5 साल, कोई 6 साल और 7 साल की अभी उम्र में है लेकिन अंदर रोज़ा रखने का शौक पैदा हुआ है। मौलाना इनामुल हक कहते हैं कि रोज़ा अल्लाह की बेहतरीन इबादत है जो बुराइयों से रोकतीं है ऐसी असरदार इबादत कि इसके शुरू करने से शरीर और मन अल्लाह की मोहब्बत में आ जाते है। रोजा रखते ही रोजदार अपने आप को झूठ बोलने, दगा देने, फरेब करने और हर किस्म की बुराई से रुक जाता है।

# मांगीलाल सोनी बने मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष



**भिलाई, 19 मार्च ।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में सोमवार को समाज के पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। इस महत्वपूर्ण चुनाव में मांगीलाल सोनी तोपावड़ अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध रूप से चुन लिए गए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष मांगीलाल सोनी ने कहा कि वे मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के पारम्परिक मूल्यों एवं संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर कार्यकारिणी का मनोनयन भी किया गया। समाज की नई कार्यकारिणी में संरक्षक किशोर सोनी अग्रोया, उपाध्यक्ष कैसलश सोनी गधोजिया, सचिव संतोष सोनी अग्रोया, कोषाध्यक्ष पवन सोनी तोशावड़, संगठन मंत्री सुनील सोनी तुंगर, ऐश्वर्य सोनी मौसूण को बनाया गया। वहीं विधिक सलाहकार आनंद प्रकाश सोनी सुनालिया, मीडिया सलाहकार आनंद सोनी गधोजिया को जिम्मेदारी सौंपी गयी। समारोह में समाज के वरिष्ठों और सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# स्वच्छता दीदियों को वितरित किया गया स्वच्छता किट

**भिलाई, 19 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 9 एस.एल.आर.एम. सेंटर संचालित हो रहे हैं। जहां पर भिलाई शहर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर सेग्रिगेट किया जाता है। गीले कचरे से खाद बनाया जाता है और सूखे कचरे को छांट कर पुनः उपयोग के लिए स्वच्छता दीदीयों द्वारा बेच दिया जाता है। स्वच्छता दीदियों को निगम द्वारा जीवन यापन के लिए एक निर्धारित मानदेय राशि भी प्रदान किया जाता है, उसके साथ ही छांट कर बेचे गये सामग्री से मिलने वाली राशि को स्वच्छता दीदियों द्वारा आपस में बांट लिया जाता है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एस.एल.आर.एम. सेंटर जाकर स्वच्छता दीदीयां स्वस्थ रहे इसलिए उन्हे स्वच्छता किट वितरित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वर्दी (महिलाओ के लिए साड़ी, ब्लाउज, पेटिकोट सहित), मास्क, केनवास शूज, गमबूट, रबर ग्लबस, टोपी, एपरन, मोजा, काटन ग्लबस, रैनकोट, नेम बैज, पहचान पत्र आदि प्रदान किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि समय-समय पर



सफाई कर्मचारियो का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। स्वच्छता किट प्रदान करने से उन्हे कार्य करने में बहुत सहुलियत होगा। कुछ कर्मचारी ऐसे है, जिन्हे सब पहन कर कार्य करने में अटपटा लगता है निकाल देते है। हम सब लोग उन्हे पहनने के लिए बीच-बीच में टोकते रहते है। स्वच्छता दीदियों द्वारा सफाई के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। स्वच्छता किट वितरण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी आदि उपस्थित रहे।

# श्रमिकों के राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ 20 मई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के आव्हान के साथ



भिलाई, 19 मार्च। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों और संघों के मंच द्वारा नई दिल्ली में 18 मार्च को आयोजित श्रमिकों के राष्ट्रीय सम्मेलन ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के साथ समापन करने के लिए दो महीने के लंबे अभियान के आह्वान के साथ एक घोषणा को अपनाया। सम्मेलन को संबोधित करने वाले नेताओं ने घोषणा का समर्थन किया। संबोधित करने वालों में आईएनटीयूसी से अशोक सिंह, एटक से अमरजीत कौर, एचएमएस से हरभजन सिंह, सीआईटीयू से तपन सेन, एआईयूटीयूसी से हरीश त्यागी, टीयूसीसी से के बस बहुत हो गया की एकजुट और दृढ़ आवाज में, सरकार की जनविरोधी नीतियों को जोरदार नहीं कहते हुए सम्मेलन ने 20 मई को एक दिन की राष्ट्रीय हड़ताल का आह्वान किया। सम्मेलन ने क्रोनी पूंजीपतियों के पक्ष में बेशर्मी से कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों, एकाधिकार और द्वैध पूंजीपतियों के निर्माण पर तीखा हमला किया जो मेहनतकश लोगों और देश की समग्र आर्थिक भलाई के लिए हानिकारक हैं। सम्मेलन ने ट्रेड यूनियनों को एक एकजुट ताकत के रूप में पेश किया। मेहनतकश लोगों को इस सरकार की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। 20 मई भविष्य में मजदूरों और किसानों के राष्ट्रव्यापी निर्णायक संघर्षों की श्रृंखला के लिए लॉन्चिंग पैड होगा।

शोषण, बढ़ती आय असमानता, संवैधानिक अधिकारों के हनन और भारत के लोगों पर किए जा रहे समग्र अन्याय का विरोध करने के लिए सम्मेलन एक नई ऊर्जा के साथ समाप्त हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता आईएनटीयूसी के ओ.एस. तोमर, एटक के मोहन शर्मा, एचएमएस के जेआर भोसले, सीआईटीयू की के हेमलता, एआईयूटीयूसी के विजय पाल सिंह, टीयूसीसी के जी शिवशंकर, एसईडब्ल्यूए की आशा बेन, एआईसीसीटीयू के संतोष रॉय, एलपीएफ के आरके मौर्य, यूटीयूसी के शत्रुजीत सिंह ने की।

# भेलवा तालाब परिसर के दीमक लगे पेड़ों की चूना एवं पोटैशियम परमैंगनेट से की जा रही पोताई



**भिलाई, 19 मार्च।** नेहरू नगर भेलवा तालाब का प्रमुख आकर्षण वहां के पुराने कतारबद्ध लगे हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक वृक्ष है, जो सभी के मन को मोह लेते है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के साथ भेलवा तालाब संधारण से संबंधित चर्चा के लिए गए हुए थे। वहीं पर योगा, प्रणायाम करने वाले शैलेन्द्र सिंग, जितेन्द्र सिंग, कवित्री संध्या श्रीवास्तव, प्रदीप डालमिया, डां ललित पोपट ने शिकायत की पेड़ो के ऊपर दीमक लग रहे है। जिससे कुछ ही दिनो में अच्छे खासे हरे-भरे पेड़ सूख जायेगे, दीमक बहुंत खतरनाक होते है, सब पेड़ो को नुकसान पहुचायेगें, समय पर इसका निदान करना जरूरी है। आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को वहीं से फोन करके तुरन्त इसका निदान करने के लिए आदेशित किये। आदेशानुसार दीमक लगे पेड़ो के ऊपर चुना एवं पोटैशियम परमैंगनेट से पोताई की जा रही है, इससे दीमक की समस्या का समाधान हो जायेगा। साथ में यह भी ध्यान दिया जायेगा कि पोताई माह में 2 बार हो, जिससे दीमक लगे पेड़ो से दीमक निकलकर दुसरे पेड़ो तक जाकर नुकसान न पहुंचाने पावें। सभी पेड़ो को पानी भी समय अनुसार डाला जा रहा है, जिससे पेड़ हरे-भरे रहे। वहीं पर पेड़ो के पत्तो को संग्रहित कर उससे कम्पोस्ट खाद भी बनाया जा रहा है। जिससे वहीं पर स्थित पेड़ पौधो को खाद भी मिल सके। इस दौरान उपअभियंता बसंत साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कराई ट्रांसपोर्ट नगर की पुलिया मरम्मत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 मार्च ।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर की पुलिया की मरम्मत का कार्य स्वयं के संसाधनों से संपन्न किया है। यह पुलिया तांदुला नहर पर स्थित है, जो औद्योगिक क्षेत्र भिलाई और हथखोज, ट्रांसपोर्ट नगर को जोड़ती है। पुलिया की स्थिति लंबे समय से जर्जर थी, जिससे भारी वाहनों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि भिलाई नगर निगम और छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा समय पर मरम्मत न होने के कारण एसोसिएशन ने स्वयं इस कार्य को करने का निर्णय लिया। एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2-30 बजे से शाम 4 बजे तक मरम्मत कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रहे। यह पहल एसोसिएशन की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय के प्रति समर्पण को दर्शाती है। एसोसिएशन ने बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर बोरिया गेट में पार्किंग की व्यवस्था, वीटीएस की कमी, सप्लाई की छोटी गाड़ियों के लिए अलग गेट की व्यवस्था तथा सभी गाड़ियों के सुव्यवस्थित आवागमन के लिए चर्चा की। बीएसपी प्रबंधन ने पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसोसिएशन के सहयोग की अपेक्षा की। इन सभी प्रयासों से स्पष्ट होता है कि भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन न केवल अपने सदस्यों के हित में बल्कि समाज की भलाई के लिए भी सक्रिय रूप से कार्यरत है। उनकी यह प्रतिबद्धता अन्य संगठनों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और समाज में सहयोग और सद्भावना की भावना को प्रोत्साहित करती है।

# पीआरडी स्टोर से कॉपर केबल चोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 मार्च ।** भिलाई आरपीएफ के भिलाई-3 पोस्ट से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित रेलवे के ओएचई आफिस के पीछे पीआरडी स्टोर में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया यहां स्टोर से ओएचई के इस्तेमाल में आने वाले कॉपर केबल के बंडल में कुछ को कटर से काटकर चोर अपने साथ लेकर जाने में कामयाब हो गए। चोरी के दूसरे प्रयास के दौरान चौकीदार को भनक लगने से उसके द्वारा नजदीक में काम कर रहे अन्य स्टाफ को बुलाया गया। चोरों को इसकी जानकारी होते ही दीवार फांदकर वे भाग निकलने में कामयाब हो गए। इस दौरान नजदीक के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में नकाबपोश चार संदिग्ध युवकों की गतिविधि कैद हो गई है भिलाई-3 में गांधी नगर के पास रेल पटरी के किनारे स्थित रेलवे के ओएचई आफिस परिसर में बने पीआरडी स्टोर में कॉपर केबल की चोरी हो गई। फिलहाल चोरी हुई कॉपर केबल का आंकड़ा सामने नहीं आया है। लेकिन आरपीएफ के अधिकारी और जवानों की इस मामले में नजर आ रही गंभीरता से बड़ी चोरी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। जिस स्टोर में चोरी हुई है वह भिलाई-3 स्टेशन पर स्थित रेलवे सुरक्षा बल अर्थात आरपीएफ पोस्ट से महज सौ मीटर दूर है। बावजूद इसके चोरी हो जाने से आरपीएफ की रेल संपत्ति की चोरी रोकने में बरती जा रही तथाकथित संजीदगी की पोल खुल गई है बताया जा रहा है पीआरडी स्टोर में चोरों ने ओएचई आफिस के पीछे वाली दीवार फांदकर प्रवेश किया। इसके बाद हैंड कटर से कॉपर केबल का काफी हिस्सा काटकर लेकर चले गए। इसके बाद रात 3 बजे के आसपास फिर एक बार चोरों ने उसी तरह से स्टोर में प्रवेश किया। कटर से वे कॉपर केबल को काट कर अलग कर रहे थे, तभी इसकी भनक वहां ड्यूटी पर तैनात शमीम टंडन को हो गई। शमीम ने ओएचई मेंटेनेंस के लिए पावर ब्लाक लेकर काम की शुरुआत कर रहे स्टाफ को फोन करके स्टोर में चोर घुसे होने की जानकारी दी।

### राज्य के बाहर के कॉलेजों में पढ़ने वाले जिले के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**धमतरी 19 मार्च ।** राज्य से बाहर के शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और आईटीआई आदि में पढ़ने वाले जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को भी राज्य शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए विद्यार्थी 26 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाईट https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ पर की जा रही है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में उन्नत सेल ग्रीन पेवर टाइल्स प्लांट का उद्घाटन

**भिलाई, 19 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में उन्नत ÷सेल ग्रीन पेवर/टाइल्स प्लांट÷ का कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने 18 मार्च को उद्घाटन किया। यह उन्नत पेवर/टाइल्स प्लांट, सतत विकास एवं संसाधन संरक्षण की दिशा में संयंत्र का एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिदिन 2000 टाइल्स/पेवर ब्लॉक उत्पादन क्षमता वाले इस प्लांट में इस्पात निर्माण प्रक्रिया में उप उत्पाद (बायप्रोडक्ट) के रूप में उत्पन्न प्रोसेस्ड स्टील स्लैग का उपयोग प्रमुख कच्चे माल के रूप में किया जाता है। इस प्रोसेस्ड स्लैग को तीन भागों 0-5 मिमी, 5-15 मिमी और 16-45 मिमी में वर्गीकृत किया जाता है। जिसके अंतर्गत 5-15 मिमी अंश का पूर्व में सीमित उपयोग था। इस चुनौती का समाधान करने



हेतु मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) श्री तापस दासगुप्ता के मार्गदर्शन में इस अंश का उपयोग पेवर निर्माण प्रक्रिया में सुनिश्चित करने की पहल की गई, जिससे अपशिष्ट को एक मूल्यवान संसाधन में परिवर्तित किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने अपने संबोधन में पेवर/टाइल्स प्लांट की टीम द्वारा किए गए इस नवाचार और 'वेस्ट टू वेल्थ' की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। समारोह के दौरान तापस दासगुप्ता ने पेवर/टाइल्स प्लांट की विशिष्टताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसके पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधन उपयोगिता में योगदान को रेखांकित किया। वहीं, मुख्य महाप्रबंधक चंद्रेश झा ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए एल.डी. स्लैग टाइल्स का वाल क्लैडिंग में उपयोग कर उत्पाद की उपयोगिता एवं बाजार विस्तार की संभावनाओं पर विचार करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र चौधरी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक आलोक माथुर द्वारा दिया गया।

# सीएम साय ने दिल्ली प्रवास के दौरान कई नेताओं को राज्य के विकास की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 19 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, सांसद तेजस्वी सूर्या सहित विभिन्न वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के विकास, औद्योगिक नीति, नक्सल उन्मूलन और बस्तर के विकास पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आत्मीय मुलाकात की। बैठक में छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास, बस्तर के विकास का मास्टर प्लान और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, उद्योग और पर्यटन केंद्रों के विस्तार पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। इस यात्रा के दौरान राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र सरकार के साथ विभिन्न विषयों पर हुआ विचार विमर्श**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दिल्ली दौरा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र सरकार के साथ तालमेल बढ़ाने और महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेने के लिए बेहद सफल रहा।मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य की विकास योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से मजबूत सहयोग और समर्थन प्राप्त किया। उनकी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों से महत्वपूर्ण मुलाकातों से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति और दिशा मिलने की उम्मीद है।

## एक नजर

### नाबालिग बालिका को भगाने में मदद करने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 19 मार्च।** सुरेश नेवले पिता बूधे लाल नेवले उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बड़े



टेमरी पुलिस चौकी लिटिया थाना बोरी जिला दुर्ग कमिश्नर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा पु. अनु. अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी घुमका बसंत बघेल के हमराह उप निरी. विक्रांत सुरेश कुमार सिंह स.उ.नि . कोदू राम नागवंशी आर. 1651द्वारा थाना घुमका जिला-राजनांदगांव के अपराध क्रमांक- 07/25 धारा-137(2), 87,64(2)(i), 64 (2),(m), 3 (5) लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4,5L,6 के मुख्य आरोपी पोषण बंजारे व सह आरोपी सुरेश नेवले जो मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी दिनांक से फरार था जिसे आज दिनांक 18. 03.25 को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर ग्राम चारभाठा से पोषण बंजारे जो नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ लेकर सह आरोपी को फोन कर मोटरसाइकिल लेकर बुलवाया और मोटरसाइकिल से सह आरोपी के द्वारा ग्राम सोमनी ले जाकर छोड़ने में मदद किया जिससे नाबालिक बालिका का अपहरण करने में सहायता पहुंचा है प्रकरण में अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपी सुरेश नेवले पिता बुधे लाल नेवले को आज दिनांक 18.03.25 को गिर कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### आधुनिक मॉल की तर्ज पर पुरानी मंडी में खुलेगा साथी बाजार

**धमतरी 19 मार्च।** आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के विजन को धमतरी जिले में भी जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। धमतरी शहर के बीचों-बीच स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में आधुनिक मॉल की तर्ज पर साथी बाजार शुरू किया जाएगा। राज्य एवं केन्द्र सरकार की परियोजना के माध्यम से बनने वाले इस बाजार में बड़े आधुनिक मॉल जैसी सुविधाएं होंगी। इस बाजार की खसियत यह होगी कि यहां 50 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों और कारोबारियों को स्थान दिया जाएगा। वहीं 50 प्रतिशत राष्ट्रीय कंपनियां भी रहेंगी। साथी बाजार के संचालन के लिए जिले में किसानों के उत्पादक कंपनी बनाई जाएगी। आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस बाजार की स्थापना के लिए नैफेड, नाबार्ड सहित साथी बाजार परियोजना के नोडल अधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक और मछलीपालन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कायस्थ समाज ने मनाया भाईदूज एवं किया होली मिलन का आयोजन भी

**राजनांदगांव, 19 मार्च।** कायस्थ सभा, राजनांदगांव के तत्वावधान एवं श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती एवं होली मिलन के साथ सैकड़ों चित्रांशजनों की उपस्थिति में भाईदूज महापर्व को धूमधाम से मनाया गया। कायस्थ सभा के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली पर्व के दूसरे दिन होने वाले भाईदूज पर्व के अवसर पर यानि कल रविवार को बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने जमातपारा स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर संध्या 07:30 बजे आस्था और विश्वास के अपने ईष्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी का पूर्ण विधि-विधान से आरती - पूजन किए। भाईदूज पर्व के इस विशेष अवसर पर संध्या 07:30 बजे स्थानीय जमात पारा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया था इस दौरान वरिष्ठ संरक्षक कृष्णा गुरूजी, वरिष्ठ संरक्षक श्रीमती इंदु देवी श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक रोहणीकांत श्रीवास्तव, अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव, कायस्थ महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, कायस्थ महिला विंग सचिव श्रीमती सीमा श्रीवास्तव के अलावा सैकड़ों की संख्या में कायस्थजन उपस्थित थे।

## शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे सचिव

■ पंचायतों में कामकाज ठप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 19 मार्च।** शासकीयकरण की मांग को लेकर मंगलवार से सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चलें गए है। सोमवार को राजधानी रायपुर में विधानसभा घेराव किया गया। सचिवों की हड़ताल डोंगरगढ़ ब्लॉक में भी शुरु हो गई है। ब्लॉक मुख्यालय में जनपद पंचायत के सामनें सचिव धरना पर बैठे है। इनके अनिश्चितकालीन हड़ताल से अब ग्राम पंचायतों में कामकाज पूरी तरह से ठप्प हो जाएंगे। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम उइके ने बताया कि राज्य की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के पूर्व अपनें घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करनें का वादा किया था। लेकिन 15 महीनें का समय बीत जानें के बाद भी सचिवों को शासकीयकरण करनें की दिशा में अब तक पहल नहीं की गई है। जिससे प्रदेश भर के सचिव स्वयं को ठगा महसूस कर रहे है। 7 जुलाई 2024 को रायपुर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों की उपस्थिति में सरकार ने गारंटी दी थी कि 1995 से कार्यरत सचिवों को शासकीय किया जाएगा। लेकिन बजट सत्र में भी सरकार ने सचिवों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया। इसलिए अब सचिवों ने मांग पूरी नहीं होनें तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जानें का निर्णय लिया है। पंचायतों में कामकाज ठप्प, ग्रामीणों पर पड़ेगा असर- सचिवों के हड़ताल से ग्राम पंचायतों के कामकाज पर बुरा असर पड़ेगा। क्योंकि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर पेंशन योजना सहित दर्जनों सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में परेशानी होगी। ग्रामीणों को समय पर दस्तावेज नहीं मिलेंगे। सचिवों के हड़ताल का सीधा असर ग्रामीणों पर पड़ेगा।

## शहर में जल संकटः महापौर, विधायक और सांसद का होगा पुतला दहन

■ कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने दी चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 19 मार्च।** शहर के सभी 51 वार्ड में पीने के पानी और निस्तारी के लिए जल का संकट गहराता जा रहा है इसे लेकर विपक्ष कांग्रेस के युवा नेता संदीप सोनी ने शासन प्रशासन को आंदोलन की सीधी चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पीने का पानी आवश्यकता के अनुसार नहीं दिया जाता है तो क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे, क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह तथा पूर्व सांसद एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव का एक साथ पुतला दहन शहर के बीचो-बीच किसी भी स्थान पर किया जाएगा।

श्री सोनी आगे कहां कि मोहारा एनीकट सहित ऊपरी क्षेत्र के एनीकट जैसे मोखली एनीकट रातापायली एनीकट आदि में भारी मात्रा में रेत जमा हो गई है इसके कारण थोड़ा पानी भरने पर अथाह दिखता है। नगर निगम सहित जल संसाधन विभाग तथा जिला प्रशासन ने रेत हटवाने कोई पहल नहीं की है। जिससे सभी एनीकट में जलधारण क्षमता घट गई है। और पानी का वाष्पीकरण ज्यादा हो रहा है। बहुत पानी तो धरती सोख रही है आलम यह है कि नागरिकों को बूंद बूंद के लिए मोहताज होना पड़ रहा है उसमें भी वितरण व्यवस्था की असमानता देखी जा रही है। कहीं कोई नागरिक टूल्लू पंप के माध्यम से बड़ी-बड़ी कोठी भर रहे हैं किसी को एक गुंडी पानी नसीब नहीं हो रहा है।

## शासन की योजनाओं पर हो बेहतरीन अमल : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में शासन की योजनाओं का बेहतरीन क्रियान्वयन करने के लिए सभी अधिकारी उत्कृष्ट कार्य करें। शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनसामान्य तक पहुंच सकें, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिला साधन संपन्न है तथा यहां बारहमासी रोड है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनमानस को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम डेश बोर्ड में आयुष्मान कार्ड, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी, महतारी वंदन योजना, राजस्व प्रकरण, स्वामित्व योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी अपडेट करें तथा समेकित तरीके से गुणवत्तापूर्ण कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि सीएम डैश बोर्ड में अपनी उपलब्धियां अद्यतन करें तथा मानिटरिंग करते हुए विभाग अपनी स्थिति का आंकलन करते हुए लक्ष्य की पूर्ति करें। जिन क्षेत्रों में अपेक्षित सुधार की आवश्यकता है, वहां ध्यान देते हुए कार्य करें। आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में शीघ्रता लाएं।

## फाइलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए कलेक्टारेट में कराया गया दवाई का सेवन

**राजनांदगांव 19 मार्च।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के तहत फाईलेरिया की गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी अधिकारियों ने फाइलेरिया की दवाई खाई। कलेक्टर ने फाईलेरिया की गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी अधिकारियों को फाइलेरिया की दवाई खाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों में पहुंचकर अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आमजनों को भी फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए फाइलेरिया की दवा का सेवन करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि फाईलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है, जिसे सामान्यत- हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। फाईलेरिया रोग के नियंत्रण के लिए जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी फाइलेरिया की दवा खाना चाहिए। शासन द्वारा इस रोग से बचाव के लिए निःशुल्क फाइलेरिया की दवा दी जा रही है। दवा के सेवन से फाइलेरिया सम्बंधित शिकायत नहीं होगी। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया की दवा का सेवन कर हाथी पाव बीमारी से बचा जा सकता है।

## नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण

■ निर्दलीय अध्यक्ष ने कहा-बदले के लिए नहीं बदलाव के लिए कार्य करेंगे

■ दलगत राजनीति से उपर उठकर नगर विकास पहली प्राथमिकता होगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 19 मार्च।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ चौकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर के बस स्टैन्ड में सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण के लिए अलग तिथि व समय की मांग कर रहे कांग्रेस पार्षदों ने भी सोमवार को अंत में शपथ लिया। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आने के एक महिना, दो दिनो बाद सोमवार को नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का सोमवार को शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की मांग पर नगर के सार्वजनिक मंच बस स्टैन्ड में दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भूआर्य ने बारी बारी से शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पार्षदों को पहले शपथ दिलाने का आग्रह किया जिसे प्राधिकृत अधिकारी ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद प्राधिकृत अधिकारी ने पांच पांच पार्षदों को समूह में शपथ दिलाई। अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शपथ लिया।

## समाचार संक्षेप

### जल आपूर्ति के लिये आयुक्त ने लगाई तकनीकी अधिकारियों की ड्यूटी



**राजनांदगांव 19 मार्च।** नगर निगम सीमाक्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में शहर वासियों को सुचारू रूप से जल आपूर्ति किये जाने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है। जल प्रदाय विभाग से सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिये प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो.नं. 8319731636 को प्रभारी अधिकारी एवं उप अभियंता अनुप पाण्डे मो.न. 7470547099 व उप अभियंता अशोक देवांगन मो.नं. 8357992380 को सहायक प्रभारी अधिकारी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। साथ ही व्यवस्था में सहयोग करने के लिये फिटर टेमनलाल ठाकुर मो.नं. 9131530588 व प्र.फिटर सोमनाथ यादव मो.नं. 7693047155 के अलावा अन्य कर्मचारियो की ड्यूटी लगायी गयी है। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि प्रभारित वार्ड के उप अभियंता अपने अपने वार्डो में पाईप लाईन लिकेज, गंदे पानी की शिकायत, पेयजल आपूर्ति कम होने, नलो में टोटी न होने की शिकायत मिलने पर प्र.सहायक अभियंता व उप अभियंता जल प्रदाय एवं फिटर को तत्काल सूचित कर कार्य पूर्ण करावे। साथ ही शहर में पेयजल के अन्य स्त्रोत जैसे हैण्ड पंप, कुँआ, ट्यूबवेल एवं सिटेक्स टंकी के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति का सत्त निगरानी किया जावे। इसके अलावा वार्डो में पानी न मिलने की शिकायत पर फीटर से सम्पर्क कर तत्काल निराकरण करेंगे, ताकि शहर वासियों को शुद्ध पेयजल सुचारू रूप से आपूर्ति की जा सके।

### पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई



**धमतरी 19 मार्च।** जिले में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और तीन साल तक के छोटे बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता और उसके वितरण में लापरवाही बरतने पर अब सीधी कार्रवाई होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को जिला स्तरीय पोषण परिचालन समिति की बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों और महिलाओं के पोषण और शारीरिक विकास से जुड़े इस मुद्दे पर किसी तरह का समझौता नहीं करने की बात कही। कलेक्टर ने निर्धारित मात्रा में पोषण आहार देने, निर्धारित गुणवत्ता में पोषण आहार बनाने और उसका निर्धारित समय में वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने पोषण आहार भण्डारण वाली जगहों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और अनावश्यक रूप से एक साथ अधिक मात्रा में पोषण आहार बनाकर भण्डारित नहीं करने के निर्देश भी दिए। जिला स्तरीय इस पहली बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर एप्प के संचालन के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा इस एप में आंगनबाड़ी खुलने का समय, दर्ज कुल बच्चे, प्रतिदिन की उपस्थिति, नाश्ता देने से लेकर गर्भवती महिलाओं और शिशुवती माताओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी सही-सही दर्ज करने को कहा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों को प्रतिदिन गर्म और पौष्टिक भोजन कराने के भी निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने दिए निर्देश, जिला स्तरीय पोषण परिचालन समिति की पहली बैठक सम्पन्न

### कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव 19 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार



कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

## महापौर ने की राजस्व विभाग की समीक्षा

# महापौर ने माह के अंत तक अधिक से अधिक वसूली के दिये निर्देश

■ अवकाश के दिनों मे भी राजस्व वसूली करने कहा

■ महापौर ने नागरिकों से अपने बकाया करों का भुगतान कर शहर विकास में सहयोग करने की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 मार्च।** महापौर मधुसूदन यादव ने आज निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कुल डिमाण्ड की जानकारी लेकर वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत तक अधिक से अधिक वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने करदाताओ से अपने बकाया करो का भुगतान करने अपील की।

बैठक के पूर्व में आयुक्त विश्वकर्मा ने इस वित्तीय वर्ष के डिमाण्ड के एवं वसूली के संबंध में महापौर को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष मे कुल मांग 24.50 करोड के विरूद्ध अब तक 16 करोड रूपये की वसूली प्राप्त हुई है। इस बार सम्पत्तियों का कर निर्धारण हेतु घर घर जाकर माप कर भौतिक सत्यापन किया गया तथा स्व विवरणी भी भराई गई है, जिससे डिमाण्ड में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन एवं पिछडा वर्ग सर्वे आदि में ड्यूटी लगने के कारण वसूली भी प्रभावित हुई है। वसूली के लिये समय समय पर बैठक लेकर तथा उपायुक्त मोबिन अली द्वारा भी समीक्षा कर वसूली बढ़ाने निर्देशित किया जा रहा था। साथ ही क्यू.आर. कोड के माध्यम से भी वसूली की जा रही है, जिसका करदाता लाभ उठा रहे है।

महापौर यादव ने कहा कि राजस्व विभाग नगर निगम की रीड की हड्डी होती है, आप लोगो के वसूली पर ही वेतन तथा निगम का व्यय आदि का भुगतान किया जाता है। कुल डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली कम है और वसूली के लिये समय भी कम है। सभी कर्मचारी माह के शेष दिनों में अच्छी मेहनत करे और अधिक से अधिक वसूली लावे। उन्होंने कहा कि 10 हजार से अधिक बकाया के करदाताओ की वसूली के लिये टीम बनकार घर घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। शासकीय एवं निजी कालोनियों में भी डिमाण्ड देकर वसूली करने कहा। उन्होंने कर्मचारियों से वसूली में आ रही कठिनाई के संबंध में जानकारी ली। वसूलीकर्ताओ ने बताया कि बडे बकायादारों को बार बार नोटिस दिया जा रहा है, फिर भी करो का भुगतान नहीं कर रहे है, ग्रामीण वार्डो में वसूली नही हो पा रही है। महापौर यादव ने कहा कि बड़े बकायादारों से सम्पर्क करे, उन्हें समझाये कि अपने बकाया करो का भुगतान करे, वरना अधिभार बढ़ते जायेगा। उन्होंने दुकानो की वसूली की जानकारी लेकर कहा कि जिनका प्रीमियम बकाया है,उनसे प्रीमियम की राशि ले, जिनका अनुबंध नही हुआ है, उनका अनुबंध कराकर किराया चालू करे। उन्होंने शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिनों में भी घर घर जाकर एवं कार्यालय में वसूली करने कहा। सहायक राजस्व अधिकारियों व राजस्व निरीक्षक से कहा कि वे प्रतिदिन वसूली की जानकारी लेवे तथा राजस्व उप निरीक्षक भी टीम के साथ जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। महापौर यादव ने कहा कि नव निर्मित कालोनियो में भी जाकर डिमाण्ड तैयर कर वसूली करे, भवन नजूल विभाग से नये कालोनियो व मकानो की जानकारी लेकर डिमाण्ड तैयार कर वसूली करे।

### सखी वन स्टॉप सेंटर से 214 प्रकरणों का निपटारा, 350 से अधिक महिलाओं को मिली सुविधाएं

**धमतरी 19 मार्च।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों की समाक्षा की। उन्होंने इस सेंटर में महिलाओं से संबंधित हिंसा, शोषण, साईबर अपराध, सम्पत्ति विवाद जैसे सभी प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 11 महीने में धमतरी जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 214 ऐसे प्रकरणों का निपटारा कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि सेंटर के माध्यम से 350 से अधिक महिलाओं को पुलिस सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा सुविधा, काउंसिलिंग, आश्रय जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। कलेक्टर मिश्रा ने पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से हरसंभव सहायता समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावासों में रह रही बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित करने और जिले में लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी कहा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अब तक 240 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। 214 प्रकरण निराकृत किए गए हैं एवं 26 प्रकरण प्रक्रिया में हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जिले में इस सेंटर के माध्यम से 23 पीड़ित महिलाओं को पुलिस सहायता उपलब्ध कराई गई है। विभिन्न विवादों के लिए 56 महिलाओं को विधिक सहायता, 10 महिलाओं को चिकित्सा सुविधा भी दी गई है।

■ कलेक्टर ने की समीक्षा, दिए निर्देश-पीड़ितों को सहायता मिलने में न हो देरी

## एक नजर

### बस्तर पण्डुम के सफल आयोजन के लिए जिला सीईओ ने ली बैठक

**कांकेर, 19 मार्च।** बस्तर के संस्कृति संरक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा ''बस्तर पण्डुम'' का आयोजन बस्तर संभाग के सभी जिलों में किया जा रहा है। इसके विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार कर कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने जिला व जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं आदिवासी समाज प्रमुखों के साथ बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की।जिला पंचायत के सभाकक्ष में रविवार 17 मार्च को आहूत बैठक में उन्होंने बताया कि 18 मार्च से जिले के विकासखंडो में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जो कि मुख्य रूप से 07 विधाएं जैसे- जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय नाट्य, जनजातीय वाद्ययंत्रो का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा व आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय कला एवं गोदना का प्रदर्शन तथा जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन पर केन्द्रित होगा। प्रतियोगिता विकासखंड के उपरांत जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक विधा की 8-8 टीम चयनित होकर अर्थात कुल 56 टीम संभाग स्तर के अंतिम चरण में प्रवेश करेगी। इसके अलावा आगामी 26 मार्च को इसका जिला स्तरीय आयोजन ग्राम सिंगारभाट में किया जाएगा। बैठक में आदिवासी समाज के प्रमुखजनों से आवश्यक सहयोग व समन्वय करने की अपील सीईओ श्री मंडावी ने की। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा सुश्री जया मनु, उप संचालक पंचायत श्री कमल सिदार, जनपद पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी यादव, आदिवासी समाज से समाज प्रमुख एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मांगों एवं समस्याओं को लेकर जनदर्शन में लोगों ने दिए आवेदन

**कांकेर 19 मार्च ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, पेंशन दिलाने, राशन कार्ड बनाने, बिजली खंभा लगाने, ट्यूबवेल लगाने, रेलिंग बनाने, रोजगार प्रदान करने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रोमनाथ जैन एवं ग्रामीणों द्वारा बागोडार फीडर द्वारा आसपास के ग्रामों में विद्युत सप्लाई की समस्या और लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने और भीरावाही-सिदेसर मार्ग में चिनार नदी पर बने पुल में रेलिंग लगाने आवेदन प्रस्तुत किया गया।

इसी प्रकार रजमन दुग्गा तथा श्रीमती अभरन सिन्हा द्वारा रिकार्ड दुरूस्त कराने, जगदीश बघेल द्वारा खेत तक लाईन कनेक्शन दिलाने, संतराम सिन्हा द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने सहित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए।इस अवसर पर डीएफओ श्री डी पी साहू, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी, एडीएम श्री एस अहिरवार, बी.एस. उईके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

### चहेतों को फायदा पहुंचाने प्रतीक्षालय को ही तोड़कर बना दी दुकान

# नगर पालिका की मनमानी का शिकार बना बस स्टैंड

- पूर्व पदाधिकारी व नपा सीएमओ की मनमानी
- बस स्टैंड में सुविधा नहीं, यात्री हो रहे परेशान
- बस्तर महाराजा के नाम का भी सम्मान नहीं रख पाई भाजपा.
- बस स्टैंड में यात्रियों के बैठने, पानी, छांव एवं शौचालय तक की व्यवस्था नहीं
- बगैर निविदा जारी किए बस स्टैंड परिसर में 4 दुकानों का किया गया था निर्माण
- आबंटन प्रक्रिया का भी नहीं हुआ था पालन, चहेतों को बांट दी गई थी दुकान
- हकदारों को किया गया वंचित, आज भी दुकान के लिए भटक रहे हैं पीड़ित

**संतोष चौहान**



**दंतेवाड़ा 19 मार्च।** नगर पालिका दंतेवाड़ा नित नए कारनामे के लिए हमेशा चर्चा में छाई रहती है। नपा में नए निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ भले ही हो गया हो मगर आज भी नगर में कई समस्याएं विद्यमान है जिसका समाधान सालों से नहीं हुआ है। जिसमें सबसे प्रमुख है दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में स्थित बस स्टेंड का मुद्दा। भाजपा के ही शासनकाल में बस्तर महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव के नाम पर रखा गया दंतेवाड़ा बस स्टेंड आज अपना अस्तित्व खो चुका है। स्टेंड की शक्ल सूरत बदल कर इसे व्यवसायिक परिसर में कोई और नहीं बल्कि नगर पालिका ने ही तब्दील कर दिया है। पूरे बस स्टेंड परिसर में नगर पालिका का एक प्रकार से कब्जा सा हो चुका है। नपा अपने फायदे के लिए बिना कोई ठोस कार्ययोजना के अचानक से बस स्टेंड परिसर के अंदर जहां यात्री प्रतिक्षालय हुआ करती थी उस स्थल पर बिना निविदा जारी किए एक दो नहीं बल्कि चार-चार दुकानों का निर्माण कर देती है और फिर उन दुकानों को आबंटन नियम का पालन किए बिना ही चहेतों को बांट देती है। हद तो तब हो गई जब एक व्यक्ति के नाम दो दुकान आबंटन कर दिए जाते हैं और कानोकान इसका किसी को खबर भी नहीं होता।

बस्तर महाराजा के नाम पर रखा गया प्रवीर चंद्र भंजदेव बस स्टेंड आज अपना अस्तित्व खो चुका है। दंतेवाड़ा बस स्टेंड की दुदर्शा का जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि स्वयं नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा ही है। भाजपा बस्तर महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव के नाम का भी सम्मान नहीं रख पाई। एक तरह से कहें तो दंतेवाड़ा का प्रवीर चंद्र भंजदेव बस स्टेंड पर नगर पालिका का अघोषित कब्जा सा हो चुका है तो गलत नहीं होगा। बस स्टेंड में कहीं भी बस्तर महाराजा के नाम का बोर्ड नजर नहीं आता जो दशकों पूर्व दिखाई पड़ता था। स्टेंड परिसर के अंदर की जगह पर जहां कभी यात्री बैठकर बसों का इंतजार किया करते थे यात्री प्रतिक्षालय हुआ करती थी आज उन जगहों पर पक्की शटरवाली दुकानें बन गई हैं। स्टेंड परिसर को घेरकर यहां चाय नाश्ते की दुकानें संचालित की जा रही है। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि दंतेवाड़ा जिला बस स्टेंड विहीन जिला की श्रेणी में आ गया है। बस स्टेंड परिसर में जगह नहीं होने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है आलम यह कि यात्रियों को मुख्य सड़क पर खड़े रहकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। पूरे बस स्टेंड परिसर में एक अदद पीने का साफ स्वच्छ पानी तक का इंतजाम नहीं है। नये शौचालय बनाने के नाम पर पुराने शौचालय को डिस्मेंटल किए महिनों बीत गया है अब तक नये शौचालय का भी निर्माण नहीं हुआ है यात्रियों को खासकर महिलाओं को शौचालय नहीं होने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टेंड की ऐसी दुदर्शा का आखिर जिम्मेदार कौन है? यहां एक और भी विषय का उल्लेख बेहद आवश्यक हो जाता है जिसका जिक्र होना जरूरी है। ज्ञात हो कि बस स्टेंड के ठीक एक ओर नगर पालिका द्वारा एक काम्प्लेक्स का निर्माण करीब दो दशक पूर्व में किया गया था जिसमें 5 दुकानें निर्मित थी इन दुकानों को नगर पालिका 30 वर्षों के लिए लीज पर व्यापारियों को दी थी। 20 वर्ष का समय गुजर चुका था 10 वर्ष का लीज अब भी बचा हुआ था इसी बीच उक्त भूमि को शासन ने किसी और पार्टी को दे दिया जिसके बाद उस काम्पलेक्स से दुकानदारों को दुकान खाली करना पड़ा। कायदे से इनका लीज बचा हुआ था इसलिए बस स्टेंड में नगर पालिका द्वारा तैयार किए गए 5 दुकानों को प्राथमिकता क्रम में रखते हुए उन व्यापारियों को दिया जाना चाहिए था जिन्हें पालिका की दुकान से हटाया गया था। मगर ऐसा नहीं किया गया। पीड़ित दुकानदारों की सुध न लेते हुए नगर पालिका ने बस स्टेंड में निर्मित 4 दुकानों को चहेतों को बैक डोर से दे दिया और तर्क दिया कि जिन लोगों ने दुकानों के लिए आवेदन किया था उन्हें दुकान दिया गया है। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं दी गई कि बस स्टेंड में बने दुकानों के लिए आवेदन लिया जा रहा है। दुकान आबंटन के लिए भी पालिका की ओर कोई सूचना जारी नहीं किया गया था। पिछले कार्यकाल में नगर पालिका की अध्यक्ष पायल गुप्ता ही थी। नए कार्यकाल में भी दुसरी बार बतौर अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। क्या अध्यक्ष होने के नाते उनकी यह नैतिक जिम्मेदारी नहीं बनती थी कि वे उन व्यापारियों के हक में खड़ी होती जिन्हें दुकान से वंचित किया गया था। निश्चित तौर पर उनके साथ उन्हें खड़ा होना चाहिए था जिनकी चलती चलाती दुकान खाली करवा दी गई। मगर ऐसा नहीं हुआ। आज भले ही पायल गुप्ता भाजपा की कमल रूपी नाव में सवार होकर दुसरी बार निर्वाचित हो गई हो मगर उन व्यापारियों का दर्द जिन्हें दुकान से वंचित किया गया था आज भी कम नहीं हुआ है । अब तक पालिका ने उनकी कोई सुध नहीं ली है और आज भी वे व्यापारी दुकान पाने भटक रहे हैं। नगर पालिका ने बस स्टेंड में निर्मित दुकान के आबंटन में नियमों का पालन नहीं किया था और मनमानी तरीके से चहेतों को दुकान बांट दिया था यह एक अकाट्य सच्चाई है जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता। बीते कार्यकाल में पालिका द्वारा किए गए इस भ्रष्टाचार में पालिका पदाधिकारी एवं तात्कालिन सीएमओ पवन मेरिया पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। बीता कार्यकाल पालिका परिषद दंतेवाड़ा का एक काला अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

## स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों को किया गया पीपीई किट का वितरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा,19 मार्च।** नगर पंचायत चारामा में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में स्वच्छता अभियान को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रो को उनके सुरक्षा उपकरणों के रूप में पीपीई कीट वितरण किया गया। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रो के महत्वपूर्ण कार्य को देखते हुए उन्हें इस पीपीई कीट के वितरण के दौरान उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की विशेष चिंता की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज ने स्वच्छता कार्यों में संलग्न सभी कर्मचारियों की सराहना की और उन्हें अपने कार्य के प्रति और अधिक समर्पण से काम करने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रो को सुरक्षा उपकरण पीपीई कीट, जिसमें मास्क, ग्लव्स, वर्दी, जूता, मोजा , टोपी, एप्रॉन जैकेट और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए ताकि वे सुरक्षित रूप से अपने कार्यों को कर सकें। इस पहल से न केवल स्वच्छता दीदियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि यह स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएगा एवं निकाय सम्बंधित अन्य योजनाओं पर भी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया तथा ग्रीष्म कालीन पानी की समस्या का त्वरित समाधान और साथ ही वार्ड की सफाई तथा नालियों की सफाई और ब्लेचिंग पाउडर , एंटी लार्वा का छिड़काव विशेष गंभीरता दिखाई गयी । इस मौके पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत नेताम, पार्षदगण रानू कमलेश सेन, श्रीमती चन्द्रिका देवांगन, उप अभियंता हरीश ध्रुव, जिला समन्वयक जावेद खान, सफ़ाई दरोगा एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### निगम की एमआईसी घोषित, महापौर ने दी बधाई

**जगदलपुर,19 मार्च।** नगर निगम की एमआईसी (मेयर इन काउंसिल) आज घोषित कर दी गई है। महापौर संजय पाण्डे ने एमआईसी की घोषणा करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर भाजपा के 29 पार्षदों में से 10 को एमआईसी में जगह दी गई है। शहर के विकास में सभी पार्षदों की मदद से कार्य होंगे। सभी एमआईसी मेंबर को अलग अलग विभागों का दायित्व दिया गया है। मालूम हो कि नगर निगम में मेयर इन काउंसिल की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।संजय पाण्डे ने प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव,मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। सभी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से एमआईसी का गठन किया गया।

### सुकमा के ग्रामीणों ने पहली बार किया राजधानी का भ्रमण विधानसभा की कार्यवाही देखकर हुए उत्साहित



**सुकमा , 19 मार्च ।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के दूरस्थ गांवों से आए युवाओं के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत नियद नेल्लानार योजना में शामिल सिलगेर, पूवर्ती, एलमागुंडा, लखापाल, शालातोंग, साकलेर, छोटेकेडवाल, बगडेगुड़ा और बेदरे जैसे गांवों के 119 युवा पहली बार अपने गांव से बाहर निकले और राजधानी रायपुर पहुंचे। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान युवाओं ने रेलवे स्टेशन, छत्तीसगढ़ विधानसभा और वनवासी कल्याण आश्रम का दौरा किया। राजधानी आगमन के दौरान युवाओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि युवा चाहें तो अपने गांव में अमन-चैन और विकास की रोशनी फैला सकते हैं। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने युवाओं से उनके गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके गांवों में पक्की सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, राशन, चिकित्सा और आवास जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नियद नेल्लानार योजना के तहत गांवों के आर्थिक विकास के लिए विशेष रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन गांवों के निकट नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिससे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 साल बाद पहली बार अपने गांव से बाहर निकल कर राजधानी पहुंचे अनेक ग्रामीणों ने प्रदेश की प्रगति को नजदीक से देखा और भविष्य में अपने गांवों के विकास में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में दूरस्थ क्षेत्रों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचे और वहां के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। राज्य सरकार प्रदेश के माओवाद प्रभावित इलाकों में तेजी से बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है।

## शासकीयकरण की मांग पूरी नहीं पंचायत सचिवों का गुस्सा चरम पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**केशकाल, 19 मार्च।** छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया है। भाजपा सरकार के वादे के बावजूद पंचायत सचिवों के शासकीयकरण नहीं होने से नाराज 10959 पंचायत सचिवों ने राजधानी रायपुर के धरना स्थल तूता में 17 मार्च को उपस्थित होकर सभा के बाद रैली के माध्यम से विधानसभा घेराव किया था और पंचायत स्तर पर कलम बंद आंदोलन का आगाज किया

कोण्डागांव जिला सचिव संघ अध्यक्ष रमेश कुमार नेताम ने बताया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था जो पूरा नहीं हुआ है ।जिसके चलते प्रदेश भर के पंचायत सचिव ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन की आंदोलन राह पर चल चुके हैं। पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों का कहना है जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान मोदी की गारंटी संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया था कि सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। पंचायत सचिवों ने इस वादे पर भरोसा करते हुए भाजपा सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन सरकार बनने के 17 महीने बाद भी यह वादा अधूरा है, जिससे पंचायत सचिवों में आक्रोश है। 7 जुलाई को पंचायत सचिवों के स्थापना दिवस पर आभार एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया था। जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पंचायत मंत्री विजय शर्मा, पूर्व मुयमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आदि उपस्थित थे, लेकिन पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को लेकर ठोस आश्वासन नहीं दिया गया ।

## पानी की समस्या हल करने 27 नलकूप स्वीकृत:संजय पांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 19 मार्च।** गर्मी में पानी की किल्लत से बचने के लिए नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी है। लगभग दो दर्जन से अधिक वार्डों में इस बार बोरिंग किया जाएगा। इसके लिए निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महापौर के निर्देश पर पुरी तैयारी कर ली है। दो-चार दिन में काम शुरू भी हो जाएगा। हर साल गर्मी में पानी की किल्लत होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार निगम ने पहले से तैयारी कर ली है।



महापौर संजय पांडे ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा पर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) मद से 27 बोरिंग स्वीकृत हुआ है। जिसमें शहिद गुंडाधुर वार्ड, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, गुरुगोविंद सिंह वार्ड, अनुकूल देव वार्ड, महेंद्र कर्मा वार्ड, वीरसावरकर वार्ड, सुंदरलाल शर्मा वार्ड, दंतेश्वरी वार्ड, प्रवीर वार्ड, शांति नगर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, राजेंद्र नगर वार्ड, रमैया वार्ड, गंगा नगर वार्ड, अब्दुल कलाम वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, विजय वार्ड, सिविल लाइन वार्ड व बलीराम कश्यप वार्ड शामिल है। जिसका कार्यादेश जारी किया जा चुका है ।इन जगहों पर बोरिंग होने से एवं पानी उपलब्ध होने पर हजारों परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा । गर्मी में इस बार हालात न बिगड़े इसलिए इसके लिए निगम तैयारी कर ली है। जल स्तर लगातार गिरने से शहर के जनप्रतिनिधि भी चिंतित हैं।इसलिए बोरिंग खोदने के साथ ही टैंकरों का मरम्मत कार्य भी किया जा रहा है।

महापौर संजय पाण्डे ने जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव का धन्यवाद ज्ञापित किया है ,जिन्होंने डीएमएफटी फंड से 27 बोरिंग स्वीकृत कराया है। उन्होने सांसद महेश कश्यप के प्रति भी कृतज्ञता ज़ाहिर की है ।उन्होंने कहा क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद जनता के प्रति एवं क्षेत्रीय विकास के लिए संवेदनशील है। इस बार गर्मी में पेयजल संकट से निपटने निगम ने गंभीर प्रयास शुरू किए हैं।पानी की किल्लत न हो इसके लिए नलकूप खनन कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। जिससे शहर के वार्डो के लोगों को समय पर पर्याप्त पानी मिले । संजय पाण्डे ने बस्तर कलेक्टर हरिस एस का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है जिन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास से नगर निगम को 27 बोरिंग का स्वीकृत प्रदान किया है।

## डाकघर में ड्यूटी के दौरान अचानक गायब हो जाते हैं कर्मचारी, लोगों करना पड़ता है इंतजार

**सुकमा , 19 मार्च ।** मंगलवार को सुकमा जिला मुख्यालय स्थित उप डाकघर मुख्यालय में आधार कार्ड बनाने पहुंचे लोग ऑपरेटर का इंतजार करते रहे। सुबह 11 से 12 तक आधार कार्ड बनाने वाले ऑपरेटर अपने निजी काम से गायब रहे। जिसकी वजह से लोगों को इंतजार करना पड़ा। यह कोई नई बात नहीं है, आए दिन ऐसी समस्या सुकमा डाकघर में देखने को मिलता है, क्योंकि ड्यूटी के दौरान डाक कर्मचारियों को अपने निजी काम याद आ जाते हैं, और पोस्ट ऑफिस से गायब हो जाते हैं, और लोगों को कर्मचारियों के वापस लौटने तक का इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि ऑफिस टाइम में कर्मचारियों को अपने निजी काम चाय नाश्ता से लेकर अन्य काम निपटाने के लिए पोस्ट ऑफिस से बाहर जाना पड़ता है। डाकघर में काम से पहुंचे लोगों को कर्मचारियों के वापस लौटने का इंतजार करना पड़ता है। डाक विभाग के कर्मियों के ऐसे रवैये की वजह से डाकघर से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है।

**जगदलपुर डाक अधीक्षक को करें शिकायत**-सुकमा जिला मुख्यालय स्थित डाक विभाग की लचर व्यवस्था आए दिन सामने आती है, सुकमा उप डाक निरीक्षक को शिकायत करने पर कहा जाता है कि लिखित शिकायत डाक अधीक्षक जगदलपुर को करें, इसके बाद जगदलपुर डाक अधीक्षक के द्वारा शिकायत का जांच होते निर्देशित प्राप्त होता है तो उसके बाद आगे जांच कर की जाएगी, क्योंकि सुकमा डाकघर में पूर्व में ऐसे कई जांच हुए हैं, जो केवल कागजी खानापूर्ति कर खत्म कर दी जाती है, डाक विभाग में शिकायत का निराकरण सही से नहीं होने के कारण लोग शिकायत करना भी छोड़ दिया है, क्योंकि पूर्व में ऐसे कई मामले आए जिस पर खानापूर्ति कर सिमटा दिया गया है इधर डाक विभाग की लापरवाह कर्मचारियों की वजह से लोग अब डाक विभाग संचालित योजना एवं लाभ लेने से भी दूरियां बना रहे हैं। लचर व्यवस्था के कारण डाक विभाग की विश्वसनीय पर बट्टा लगाने का काम लापरवाह कर्मचारियों कर रहे हैं। पीएम आवास व महतारी वंदन का पैसा आता पोस्ट ऑफिस के खाते में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली योजना का सीधा लाभ घर के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक खाता में डीबीटी ऑनलाइन ट्रांसफर होते हैं तो ऐसी स्थिति में डाक विभाग की लचर व्यवस्था के कारण आए दिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि ऐसे कई महत्वपूर्ण योजना के पैसे आते हैं उन्हें समय पर पैसे भी नहीं मिलते हैं, जिसकी वजह से कई बार देखने को मिलता है कि हितग्राही डाकघर के चक्कर लगाते रहते हैं ऐसे में शासन प्रशासन को इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है।

## अर्जुनी में बनेगा धमतरी का नया बस स्टैंड,कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

**धमतरी 19 मार्च ।** धमतरी शहर के नये बस स्टैण्ड का काम जल्द ही अर्जुनी में शुरू होगा। आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने महापौर श्री रामू रोहरा के साथ अर्जुनी में बनने वाले नये बस स्टैण्ड का स्थल निरीक्षण किया। इसी के साथ आज सुबह-सवेरे से ही कलेक्टर ने शहर में विकास कार्यों को गति देने नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान ऑडिटोरियम, नया बस स्टैण्ड, नालंदा परिसर, इंडोर स्टेडियम, प्रस्तावित सड़कों सहित अन्य कार्यों-स्थलों का मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने सबसे पहले जिले में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑडिटोरियम में निर्मित किये गये कक्षों, बिजली, पानी, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि परिसर के समीप बनी दुकानों और ऑडिटोरियम के बीच पक्की बांउड्री भी बनाई जाए, ताकि भविष्य में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इसके साथ ही ऑडिटोरियम के अंदर



सौंदर्यीकरण, साउंड सिस्टम के लिए प्रस्ताव जल्द तैयार करने के भी निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर नगरनिगम आयुक्त श्रीमती प्रिंया गोयल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एस के नेताम, जिला परिवहन अधिकारी श्री मुजाहिद खान और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।जिले में बढ़ते आवागमन के दबाव को कम करने व सुविधाओं के विस्तार के लिए अर्जुनी गांव में बनने वाले नये बस स्टैण्ड का कलेक्टर श्री मिश्रा और महापौर श्री रोहरा ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में बनने वाले बस स्टैण्ड को भविष्य में जनसंख्या बढ़ने से पड़ने वाले दबाव के अनुरूप तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसमें वे सारी सुविधाओं होनी चाहिए, जो एक हाईटेक बस स्टैण्ड में होती हैं। कलेक्टर ने कहा कि 40 फीट चौड़ी सड़कें बनाई जाये। इसके साथ ही बस स्टैंण्ड के सामने आकर्षक गार्डन, रैन बसेरा, वाहनों के लिए पार्किंग, वाहन चालकों के रूकने के लिए अलग से कक्ष, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाये। उन्होंने बस स्टैंड पहुंच मार्गो को जल्दी बनाने कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बस स्टैंड से बायपास तक पहुंचने वाले मार्गों का डिवाईडर सहित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने बस स्टैंण्ड क्षेत्र में लगे बिजली के खंबों को भी हटाने कहा।

सभी खेलों के लिए एक ही स्थान पर सुविधायें उपलब्ध कराने उद्देश्य से इंडोर स्टेडियम बनेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदान को बेहतर कर रनिंग एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए 8 लेयर सिंथेटिक कोर्ट, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों के लिए मैदान विकसित किया जाये। इसके साथ ही इंडोर खेल जैसे टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जिम के लिए भीतर हॉल में वुडन कोर्ट का भी निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने खेलो इंडिया के तहत् प्रस्ताव तैयार कर 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करने कहा।

## लेखापाल पद के लिए कौशल परीक्षा 21 मार्च को

**कांकेर 19 मार्च ।** समग्र शिक्षा अंतर्गत विकासखण्ड दुर्गूकोंदल, कांकेर, कोयलीबेड़ा एवं नरहरपुर में संचालित नेताजा सुभाष चन्द्र बोस 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय में रिक्त लेखापाल पर भर्ती किए जाने हेतु मेरिट सूची के आधार पर महिला अभ्यर्थियों की 21 मार्च को प्रातः10.30 बजे पीएमश्री उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव में कौशल परीक्षा का आयोजन किया गया है।

कौशल परीक्षा में बुलाए जाने वाले विकासखण्डवार महिला अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय समग्र शिक्षा के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाइट kanker.gov.in में अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

# महिलाओं को कानूनी अधिकारों व योजनाओं के प्रति किया जागरूक






**फिंगेश्वर, 19 मार्च।** समीपस्थ ग्राम बिजली में सेक्टर स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गयाण् इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमा निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली एवं अध्यक्षता जनपद सदस्य नंदूराम यादव ने कियाण् वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरन लाल साहू प्राचार्य बिजलीए तोषण पटेल उपसरपंचए मोती निषाद सरपंच प्रतिनिधिए डोमन साहू विमला ढीढीए कुमारी निषादए कुमारी पटेलए चेमिन साहू पंच उपस्थित थेण्कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ हुआण् तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया गयाण्इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक पुष्पलता यादव ने महिला जागृति शिविर के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारोंए प्रावधानों का प्रति जागृत करनाए विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओ के विरुद्ध महिलाओं को जागृत व संगठित करना तथा विभिन्न योजनाओ का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करना हैण् पदमा निषाद सरपंच ने कहा कि बेटियों और महिलाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर प्रत्येक क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया नंदूराम यादव जनपद सदस्य ने कहा कि महिला जागृति शिविर से सभी माता एवं महिलाओं को मिलने वाली योजनाओं के लाभ लेते हुए आत्म निर्भरता के साथ साथ आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। पूरन लाल साहू प्राचार्य ने कहा कि जहाँ पर महिलाएं सशक्त होंगी वहाँ पर घरएपरिवारए समाज व राष्ट्र सशक्त होगा। आज नारी शिक्षाए स्वास्थ्य,सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में ब चक्कर भाग ले रही है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिला को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का अवसर जरूर मिलता है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजना जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाए नोनी योजनाए बाल संदर्भ योजनाए सुपोषण योजनाए सुकन्या योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शिशुओं को अन्नप्राशन कराते हुए प्रश्न मंच एवं कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गयाण् जिनके विजेता प्रतिभागी को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात सभी महिला कार्यकर्ता एवं अतिथियों का सम्मान श्रीफल एवं कलम भेंटकर किया गया। आभार व्यक्त महिला पर्यवेक्षक ओमेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी नेताम पर्यवेक्षक,हेमलता साहू पर्यवेक्षक, ईश्वरी साहू,,टानेश्वरी साहूए वंदना साहू, दुर्गा कामडी, राजकुमारी सोनवानी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुराइन निषाद, दुर्गादास, यामिनी दास, गौरी कामडी, शिवकुमारी ठाकुर, मालती कश्यप,रुखमणी यादव नीता सिन्हा,टेमन ध्रुव एमाधुरी गोस्वामी, शैलेंद्री यदु,मनु यादव, ब्रह्मणी ध्रुव, संध्या खूंटे,द्रौपदी यादव, गोमती निषाद एवं गांव के महिलाएं उपस्थित थी।

## एक नजर

### एक दिवसीय जिला स्तरीय गृह आधारित शिक्षा पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं डीईओ श्री के.वी.राव के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत पालक उन्मुखीकरण गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के पालकों का आयोजन बीआरसी केंद्र रायगढ़ में आयोजित किया गया। दिव्यांग बच्चों के समुचित देखभाल पर चर्चा, दैनिक स्वास्थ्यगत संबंधित जानकारी, दैनिक जीवन कौशल के संपादन, सहायक सामग्री आदि बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी मनोज अग्रवाल, सभी बीआरपी एस्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे। बीआरपी श्रीमती शांति ठाकुर, श्रीमती सुमन दत्ता मास्टर ट्रेनर के द्वारा 21 प्रकार के दिव्यांगता को विस्तार से समझाया गया, ताकि सभी बच्चों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के सभी पालकों को विकास की सभी अवस्थाओं के बारे में समझाया गया। श्री भूपेंद्र पटेल एपीसी के द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्य धारा से जोडने् हेतु उचित परामर्श प्रदान किया गया। थेरेपी के बारे में थेरेपिस्ट रागिनी राठौर द्वारा बताया गया कि दैनिक दिनचर्या में घर पर ही कैसे थेरेपी पालक दे सकते हैं। सभी पालकों को बच्चों के लिए एडीएल किट प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में शांति ठाकुर, सुमन दत्ता एवं सुमित्रा चंद्र द्वारा शासन की योजना के बारे में विस्तार से बताया सभी बीआरपी ने अपनी अपनी बातों को पालकों के समक्ष रखा।

### तालाब में डूबने से हुई मादा हाथी शावक की मृत्यु

**रायगढ़, 19 मार्च।** धरमजयगढ़ वनमंडल अधीनस्थ, छाल परिक्षेत्र के कीदा परिसर अंतर्गत ग्राम जामपाली में जंगली मादा हाथी (शावक) की मृत्यु पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनुसार तालाब के पानी में डूबने से होना पाया गया। तत्पश्चात् गड्ढा खोदकर वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत् मृत हाथी के शव का कफन-दफन किया गया।वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि परिक्षेत्र सहायक वृत्त बनहर अंतर्गत 17 मार्च 2025 की रात्रि में अलग-अलग दल के 32 हाथी एक साथ विचरण कर रहे थे। उनमें से आज सुबह 7 बजे लगभग पुरूंगा परिसर के कक्ष क्रमांक 550 पी.एफ.से 100 मीटर की दूरी पर ग्राम जामपाली के निजी राजस्व भूमि में स्थित तालाब (चितामाड़ा) में 01 मादा हाथी (शावक) मृत अवस्था में पाया गया। जिसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक बनहर द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी छाल को दिया गया। परिक्षेत्र अधिकारी छाल द्वारा वन कर्मचारियों को घटना स्थल में पहुंचने हेतु निर्देशित किया तथा उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारियों के गठित दल को शव परीक्षण करने हेतु तत्काल सूचित किया गया। वन अपराध प्रकरण जारी किया गया।

### शहरी क्षेत्रों में कार्यरत महिला आरोग्य समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**रायगढ़, 19 मार्च।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, रायगढ़ के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आज से रायगढ़ शहरी क्षेत्र में कार्यरत महिला आरोग्य समिति (एमएएस) के सदस्यों का 03 दिवसीय प्रशिक्षण, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे-वेलनेस एक्टीविटी, संचारी रोग, गैर संचारी रोग, मातृत्व स्वास्थ्य, टीकाकरण, शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं किशोर स्वास्थ्य एवं वित्तीय प्रबंधन में शुरू हुआ। उक्त प्रशिक्षण में विभिन्न वार्ड के सभी महिला आरोग्य समिति के सदस्यों ने भाग लिया। दोनों प्रशिक्षण सत्रों में स्वास्थ्य विभाग से जिला प्रबंधक-शहरी एवं शहरी अकाउंटेन्ट, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, रायगढ़ उपस्थित होकर राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ-साथ डेंगू नियंत्रण एवं आयुष्मान तथा वय वंदन कार्ड बनाने पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाया एवं मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने में उत्साहित किया।

### फार्मर रजिस्ट्री में रायगढ़ जिला राज्य में पहले स्थान पर



**रायगढ़, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में रायगढ़ में अब 82 हजार 607 कृषकों का पंजीयन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके लिए बीते 15 दिनों से राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया, प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन की मॉनिटरिंग की गई। जिसके फलस्वरूप कृषक पंजीयन में रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में 88.34 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है।

प्रदेश में एग्रीटेक परियोजना के तहत कृषक पंजीयन का कार्य प्रगतिशील है। रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त ग्रामों में कृषक पंजीयन कार्य में प्रगति लाने हेतु जिले में राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं लोक सेवा केन्द्र द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके तहत ग्रामों में कैम्प आयोजित कर घर-घर पहुंच कर कृषकों का पंजीयन कराया जा रहा है तथा प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों में जागरूकता लायी जा रही है। कृषक पंजीयन का कार्य मुख्यत~ लोक सेवा केन्द्र (सीएससी)के द्वारा किया जा रहा है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के आरोप को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश ने खारिज किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**आवापल्ली, 19 मार्च।** पामेड़ क्षेत्र के प्रथम प्रवास के दौरान भाजपा नेत्री जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों को सिरे से ख़ारिज करते हुए उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा पहले अपने गिरेबान में झाँक कर देखे कि लगातार दस वर्षो तक जिला पंचायत सदस्य के पद पर रहते हुए अपने निर्वाचन क्षेत्र आवापल्ली के विकास के लिए आपने क्या किया? कांग्रेस नेता कारम ने पलटवार करते हुए कहा कि जानकी कोरसा के पैतृक ग्राम पैकरम के लोग आज भी सड़क एवं शुद्ध पेयजल की समस्या से जूझ रहे है जिला पंचायत सदस्य के पद पर रहते हुए जब आपने स्वयं के पैतृक ग्राम का सर्वांगीण विकास नहीं करा पाया इन हालातो में जिला पंचायत अध्यक्ष बनते ही पामेड़ क्षेत्रवासियो को विकास के नाम पर महिमामंडित करना बंद करे पामेड़ क्षेत्र की जनता इस बात को भली-भांति जानती है की मैने जिला पंचायत उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए क्या कुछ किया अथवा नही पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने यह भी कहा की जानकी कोरसा इस तरह दूसरों पर मनगढ़ंत आरोप लगा कर अपने जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती उन्होंने सुझाव देते हुए कहा की पामेड़ क्षेत्र की जनता ने आपको भरपूर आशीर्वाद दे कर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया है आप इस तरह दूसरों पर अनर्गल आरोप लगा ने के बजाए अपने दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी से करें।

## जवानों ने बम बरामद किया



**बीजापुर,19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनांक 17/03/2025 को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत कैम्प पीड़िया से केरिपु 199 वाहिनी की टीम पीड़िया - मुतवेंडी की ओर डिमाईनिंग ड्यूटी हेतु निकली थी। पीड़िया- मुतवेंडी मार्ग में केरिपु 199 की बीडी टीम के द्वारा कैम्प से लगभग 800 मीटर की दूरी पर माओवादियों के द्वारा लगाये गये 03 किग्रा के प्रेशर आईईडी को किया गया।केरिपु 199 की बीडी टीम के द्वारा बरामद आईईडी को सुरक्षित मौके पर नष्ट किया गया माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बल की टीम को निशाना बनाने के लिए प्रेशर आईईडी प्लांट किया गया था। सुरक्षा बलो की सूझबूझ एवं सतर्कता से माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल किया गया।

## बीजापुर के चारों जनपद में हुआ बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 18 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति, परंपरा, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य व्यंजन पेय पदार्थो के मूल्य रूप संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से ÷बस्तर पंडुम 2025÷ का भव्य आयोजन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मागगर्शन में बीजापुर जिले के चारों जनपदों में हुआ जिसमें भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में ब्लॉक स्तरीय आयोजन का सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। वहीं बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का समापन 19 मार्च को होगा।

### जनजातीय समाज एवं बस्तर पंडुम के आयोजन को लेकर उत्साह-

जिले के बैगा, गुनिया, सिरहा, पुजारी एवं जनजातीय समाज के प्रमुखों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जनजातीय समाज के मौलिक परंपरा को संरक्षित एवं संवंधित करने की परिकल्पना का स्वागत करते हुए कहा कि ÷बस्तर पंडुम 2025÷ में आदिवासी समाज एवं जनजातियों के जीवन पद्धति संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला जिससे जनजातीय समाज शासन के इस सराहनीय पहल से उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### सुदुर एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

- बस्तर पंडुम के व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण नियद नेल्लानार एवं अत्यंत सुदूर क्षेत्रों के जनजातीय समुदाय ने अपने रीति-रिवाज एवं पारंपरिक गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता में शामिल होने पंहुचे पामेड़ मुरदंडा जैसे क्षेत्रों के दलों द्वारा भी सहभागिता दी जा रही है।

### ताड़ी, छिंदरस, सल्फी, हंडिया पेज रहा आकर्षण का केन्द्र

- प्रतियोगिता स्थल पर जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहा जहां सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, हंडिया पेज, कोसमा मांड, चापड़ा चटनी जैसे विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पेय पदार्थो ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं आकर्षण एवं मौलिक वेशभूषा में विभिन्न जनजातीय नृत्य का सुंदर प्रस्तुतिकरण देखने को मिला।चारों ब्लॉक में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों में उत्साहपूर्वक इस आयोजन में शामिल होकर बस्तर पंडुम को और भी खूबसुरत बना दिया।

## मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे लोग



**रायगढ़, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के समक्ष जनदर्शन में आज मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू)के कर्मचारी वेतन भुगतान के संबंध में आवेदन दिए। उन्होंने बताया कि एमएमयू के सभी 5 कर्मचारी ब्लॉक लैलूंगा, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया में श्रेय कार्पोरेशन के माध्यम से संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू)के अंतर्गत पूर्ण निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपनी सेवाएं दे रहे है। लेकिन बीते चार माह से वेतन न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और घर-परिवार के पालन-पोषण में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वेतन भुगतान की राशि शीघ्र दिलाए जाने संबंधी आग्रह किया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एमएमयू कर्मचारियों को उनका मानदेय भुगतान कराये जाने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रति सप्ताह मंगलवार को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष जनदर्शन का आयोजन होता है। जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्या, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर आते है। जहां कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते है।जनदर्शन में आज ग्राम-केनापाली की उषा उरांव एवं ग्रामवासी शासकीय बोरवेल पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा निजी कब्जा करने संबंधी शिकायत आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम-केनापाली में पंचायत स्तर पर पूरे गांव के परिवारों के लिए पानी व्यवस्था हेतु विगत 10 वर्ष पूर्व शासकीय बोरवेल खुदवाया गया है। लेकिन वहीं गांव में निवास करने वाले कुछ लोगों द्वारा बोरवेल पर कब्जा कर मालिकाना हक जता रहे है तथा शासकीय वोरवेल के स्टाटर मशीन को अपने घर में रखे है। साथ ही शासकीय बोरवेल में पाईप लगाकर अपने घर में पानी का भरपूर उपयोग करते हुए अपने घर की बाड़ी एवं मवेशी धोने का भी कार्य कर रहे है। मोहल्लेवासियों द्वारा उन्हें मना करने पर वे लड़ाई झगड़े करते है। जिसके कारण मोहल्ले के अन्य लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टर ने श्री गोयल ने संबंधित तहसीलदार को उक्त जगह का मौका मुआयना करते हुए प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम-नंदेली की अंजली सिदार मिनीमाता योजना की राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्रम विभाग में संचालित मिनीमाता योजना में उन्होंने आवेदन किया था। जिसके पश्चात आवेदन भी स्वीकृत हो गया है, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के पश्चात भी योजना से मिलने वाली राशि अब तक उनके खाते में अप्राप्त है। इसी तरह तहसील पुसौर के ग्राम-गोर्रा निवासी कृष्णचंद श्रीवास मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृति व जांच पश्चात राशि के भुगतान में हो रही विलंब के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वेच्छानुदान राशि 50 हजार रुपये स्वीकृत हुई है। लगभग साल भर बाद भी उक्त राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति से कलेक्टर को अवगत कराया और स्वेच्छानुदान राशि को शीघ्र दिलाए जाने के संबंध में आग्रह किया। इसी तरह अन्य लोग राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, चिकित्सा सहायता, बिजली बिल माफ सहित अन्य आवेदन लेकर आए थे।

## थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुतकेल में मोबाइल टावर प्रारंभ



**बीजापुर,19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुतकेल के ग्रामीणों को मिली सौगात, जिओ का मोबाइल टॉवर हुआ प्रारंभ, संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ।जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम पुतकेल, चिलकापल्ली, पाकेला, पुसबाका, पोलमपल्ली के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। छ.ग. शासन के नियद नेल्ला नार योजना एवं केंद्र की ÷यू एस ओ एफ योजना के तहत दिनांक 13/03/2025 को ग्राम पुतकेल में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे लाभ मिलेगा।क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन की सुविधा के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होंगी द्य वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता और सुविधा को देखते हुए, क्षेत्र में संचार सुविधा के सुदृढ़ीकरण के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और वे देश-विदेश के साथ जुड़ सकेंगे। इसके अलावा, यह कदम क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पत्रकार मुकेश चन्द्रकार की हत्या के चारों आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत

**बीजापुर,19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घटना के मास्टर माइंड सुरेश चन्द्रकार के द्वारा बनाई गई थी पत्रकार श्री मुकेश चन्द्रकार की हत्या की योजना ।आरोपी ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार और उनकी साथियों के द्वारा नेलसनार- मिरतूर -गंगालूर सड़क निर्माण कार्य में अनियमित्ता के सम्बंध में बनाए गए समाचार बना हत्या का मूल कारण।अपने दो भाईयों तथा सुपरवाईजर के साथ मिलकर ठेकेदार सुरेश चन्द्रकार ने बनाई थी हत्या की योजना ।पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपियों के द्वारा हत्या करने के बाद शव को सेप्टिक टेंक में डालकर, करवा दिया था फ्लोरिंग ।72 घंटों के भीतर पुलिस ने तत्परता से किया था चारो आरोपियों को गिरफ्तार ।प्रकरण में फारेंसिक टीम द्वारा साईंटिफिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई विवेचना पूर्ण प्रकरण के गवाह सूची में 72 गवाहों को किया गया शामिल ।प्रकरण में बारिकी से विवेचना कार्यवाही करते हुए फिजिकल एवं डिजीटल साक्ष्य जुटाये गये ।प्रकरण में विवेचना के दौरान घटनास्थल तथा आरोपियों से जप्त प्रदर्शों की कराई गई एडवांस फॉरेंसिक जांच व छ्ह्व (डीएनए) जांच ।घटना स्थल से मिली साक्ष्य सबूत एवं गवाहों के बयान तथा आरोपियों से की गई पूछताछ अनुसार किया गया क्राईम सीन रिक्रिएषन। प्रकरण में स्ढ्ढञ्ज द्वारा आज दिनांक 18/03/2025 को केस डायरी सहित 1241 का चार्ज शीट के साथ माननीय न्यायालय पेश किया गया ।टीम प्रभारी श्री मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बीजापुर द्वारा अवगत कराया गया कि स्ढ्ढञ्ज टीम के द्वारा विवेचना के दौरान चारों आरोपीगण के विरूद्ध बीएनएस की धारा 103(1), 238(क), 61(2)(क), 239, 249, 3(5) का अपराध कारित करने का सबुत पाये जाने पर अभियोग पत्र प्रस्तुत कर आरोपियों के इस अमानवीय कृत्य के लिए अधिकतम दण्ड देने हेतु माननीय न्यायालय में मजबूति से की जावेगी पैरवी।

## ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के नाम सर्वे सूची में जोड़ा जा रहा



**बीजापुर,19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है।सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस की सूची के अनुसार छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित भी किया जाएगा तथा नये मापदण्ड के आधार पर सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य कर दिया गया है। सर्वे करने के लिए ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक प्रगणक बनाया गया है।शासन के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी पात्र परिवारों के सर्वे का कार्य आवास प्लस ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। अगर किसी कारण से सर्वे हेतु कोई पात्र परिवार छूट जाता है, तो हितग्राही ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे करा सकते हैं। पात्र हितग्राही स्वयं आवास प्लस ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी अपलोड कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित जनपद एवं ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है।

## आवास प्लस के लिए गांवों में चल रहा सर्वे, हितग्राही पंचायत में संपर्क कर जुड़वा सकते हैं नाम: कलेक्टर

**रायगढ़, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि आवास प्लस के लिए जिले के गांवों में सर्वे का काम चल रहा है। इसके लिए ग्राम पंचायत में हितग्राही संबंधित ग्राम पंचायत में सचिव अथवा ग्राम सहायक से संपर्क कर सर्वे में नाम जुड़वा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी विकासखंडों में सर्वे के आधार पर सभी सीईओ जनपदों को जानकारी ऑनलाइन अपडेट करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों की जानकारी एंट्री की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बीते 15 दिनों में राजस्व और कृषि अधिकारियों के साथ लोक सेवा केंद्र के अमले के प्रयासों से रायगढ़ जिला फॉर्मर रजिस्ट्रेशन में पूरे प्रदेश में अग्रणी रहकर लक्ष्य को तेजी से पूरा कर रहा है। उन्होंने शामिलात खातों में दर्ज जानकारी की एंट्री के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि प्रदेश स्तर से इस पर कार्य किया जा रहा है। जिसके पश्चात इसकी भी एंट्री शुरू हो जाएगी।कलेक्टर श्री गोयल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम से कहा कि पानी सप्लाई के लिए जहां सोर्स की दिक्कत है वहां पीएचई और पीओ मनरेगा के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के कामों में तेजी बरकरार रखते हुए कामों को पूरा करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए अधिकारियों को संयुक्त रूप से निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने फील्ड विजिट के दौरान स्कूलों का निरीक्षण कर भोजन की क्वालिटी जरूर परखें। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों के अपार आईडी निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों के अपार आईडी निर्माण शेष हैं उन्हें भी जल्द बनवा लें।

# जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 19 मार्च।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संपन्न होने के बाद मंगलवार को जनपद पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता अनंत, उपाध्यक्ष भोला वर्मा और 25 जनपद सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, राकेश तिवारी, सुनील यदु, दिलीप छाबड़िया, मोहन बांधे, ओम प्रकाश रात्रे, पवन वर्मा, मथुरा यदु, चन्द्रमणी तिवारी, योगेश अनंत जिला पंचायत सदस्यो सहित कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि



उपस्थित थे। समारोह में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में जनपद पंचायत के सीईओ ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस मौके पर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के बीते एक साल के कार्यकाल में जनता ने विकास कार्यों को करीब से देखा है। यही कारण है कि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका और जिला पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को भारी जीत मिली है। हम जनता के विश्वास को बनाए रखेंगे और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे।

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने सम्बोधित करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, और सरपंच अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा अपने क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से लगातार विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अब नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे गावों की आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** भाटापारा पुलिस द्वारा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले



शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.03.2025 को विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कुल 06 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?22,190 कीमत मूल्य का कुल 199 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपी शराब कोचियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई जारी

**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन



विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल, सिमगा एवं भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 10 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 10 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 17.03.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 07 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक ?10,000-10,000 तथा 03 प्रकरण मे वाहन चालक को ?15,000-15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है।

### फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रबंधन दल की बैठक का आयोजन

**बालोद, 19 मार्च।** जिला पंचायत बालोद में आज स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रूदा में निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के



प्रबंधन दल के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि प्लांट के माध्यम से मानव मल का प्रबंधन और उपचार कर जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। सीईओ कन्नौजे ने बताया कि गंदगी को गांवों से हटाकर बीमारी दूर करना है जो कि स्वच्छता से ही संभव है, वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। गांवों को स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है, अस्वच्छता के कारण जल जनित बीमारियां फैलती है। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने मुख्यग्राम पंचायतों में वाहन चालक एवं सहायक का चयन कर एक सप्ताह के भीतर फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट प्रारंभ कराने को कहा।

# पारदर्शी खनन नीति को अपनाकर प्रदेश के आद्योगिक विकास को नया आयाम दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 19 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण-संवेदनशील खनन रणनीतियों को अपनाकर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नए आयाम दिए हैं। खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित उत्खनन के चलते बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के गठन के समय की तुलना में खनिज राजस्व में 30 गुना वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक ही 11,581 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। यह पारदर्शी खनन नीति और प्रभावी प्रशासन का परिणाम है। अब तक 44 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिसमें अब तक चूना पत्थर के 14, लौह अयस्क के 9, बॉक्साइट के 11, स्वर्ण के 3, निकल, क्रोमियम के 2, ग्रेफाइट के 2, ग्लूकोनाइट के 2 और लिथियम के 1 खनिज ब्लाक की निलामी की गई है।

**प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स की सफलतापूर्वक नीलामी**-भारत सरकार द्वारा देश के आर्थिक एवं सामरिक विकास को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा जनवरी, 2025 में की गई है। इस के अनुरूप प्रदेश में विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 से ही क्रिटिकल एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण, खोज पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके तहत 56 अन्वेषण परियोजनाओं में से 31 परियोजनाओं अंतर्गत क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स पर कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में अब तक 10 क्रिटिकल एवं डीप सीटेड मिनरल्स ब्लॉक्स जिसमें लिथियम का 1, स्वर्ण का 3, निकल, क्रोमियम का 2, ग्रेफाइट का 2 ग्लूकोनाइट के 2 मिनरल ब्लॉक की नीलामी की गई है। देश में पहली बार खनिज लिथियम ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की गई है जिसके तहत् जिला कोरबा के कटघोरा लिथियम ब्लॉक को मेसर्स साउथ मायकी मायनिंग कंपनी को 76 प्रतिशत प्रीमियम राशि पर आबंटित किया गया है। राज्य के सुकमा एवं कोरबा जिले में भी लिथियम अन्वेषण कार्य किया जा रहा है जिसमें लिथियम के भण्डार पाये जाने की पूर्ण संभावना है।

**बैलाडीला लौह अयस्क: भारत के खनन क्षेत्र का मजबूत स्तंभ**-बैलाडीला क्षेत्र भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क भंडारों में से एक है। यहां तीन नए लौह अयस्क ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके अलावा कांकेर जिले के हाहालद्दी लौह अयस्क खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए खनन क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से संचालित करने के लिए सरकार ने कई नई पहल की हैं। सेटेलाइट इमेजरी और माइनिंग सर्विलियेंस सिस्टम के माध्यम से अवैध खनन की निगरानी की जा रही है।

### विभागीय डाटा को अनिवार्य रूप से अपडेट करने के निदेश

**बालोद, 19 मार्च।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभागों को राज्य शासन द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में अपने विभागीय डाटा को अनिवार्य रूप से अपडेट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के 'की परफॉर्मेंस इंडीकेटर' के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना, महतारी वंदन योजना, राजस्व न्यायालय, स्वामीत्व योजना एवं कृषि विभाग सहित शासन के 07 जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि इन योजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री के द्वारा किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया पोषण, शिक्षा का प्रशिक्षण



**सिमगा, 19 मार्च।** तीन दिवसीय पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यशाला का आयोजन आईसीडीएस सिमगा द्वारा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, सिमगा के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता वर्धन करना था ताकि वे बच्चों को कुपोषण से लड़ने में सहायक और सक्षम हों तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित वातावरण तैयार कर सकें, जिससे ईसीसीई (प्रारंभिक बचपन देखभाल एवं शिक्षा) कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में सेक्टर सुपरवाइज़र ने प्रशिक्षण दिया। यह कार्यशाला दो ज़ोन में आयोजित की गई—बीआरसीसी सिमगा और अल्ट्राटेक सीमेंट ग्रामीण विकास हॉल, हीरमी। कुल 246 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इस कार्यशाला का लाभ मिला, जिसमें पोषण और खेल आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यह सिखाया गया कि शिक्षण सामग्री कैसे बनाई जाए और उसका उपयोग कहानी सुनाने, कविताएँ गाने और छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए कैसे किया जाए। साथ ही, समय सारिणी (टाइमटेबल) के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया गया ताकि बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्हें भरपूर अवसर मिल सके। इस कार्यशाला के दौरान आधारशिला और नवचेतना गाइड बुक भी सभी 246 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित की गईं। आईसीडीएस सिमगा और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन आंगनवाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

आंगनवाड़ी केंद्रों को गतिविधि और पोषण केंद्र के रूप में पहचाना जाना चाहिए ताकि अभिभावक और समुदाय के लोग अपने बच्चों को सीखने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्रों में भेजें। इस पूरे ट्रेनिंग के दौरान सिमगा परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

■ ईजी मनी के लिए चुना चोरी का रास्ता, स्वयं की गाड़ी फाइनेंस कंपनी के खींचने एवं पैसों की जरूरत ने बनाया चोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 19 मार्च।** ग्रामीण पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की सिलसिलेवार 04 घटनाओं को अंजाम देने वाले एक आरोपी तरुण निकुसे को गिरफ्तार किया गया* है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ पर यह जानकारी सामने आया कि, आरोपी बीकाम प्रथम वर्ष तक की पढ़ाई किया है। पूर्व में पेट्रोल पंप में मैनेजर का काम करता था, उसके बाद ट्रांसपोर्टर लाइन में काम करना प्रारंभ किया तथा 03 चारपहिया वाहन किस्तों में खरीद कर ट्रांसपोर्टिंग काम कर रहा था। वर्तमान में ट्रांसपोर्टिंग काम ठीक से नहीं चलने से आरोपी के ऊपर बहुत कर्ज हो गया था, जिससे उसके द्वारा खरीदा गया 02 वाहन कंपनी द्वारा सीज कर लिया गया एवं एक वाहन का किस्त का पैसा पेमेंट करना बाकी था। इस दौरान आरोपी द्वारा अपने सिर से कर्जा उतारने एवं पैसा कमाने के लिए मोटरसाइकिल चोरी करने का मन बनाया गया। आरोपी द्वारा मोटरसाइकिल बेचकर या उसे गिरवी रखकर मिले पैसों से अपना कर्ज उतारने की सोंच रखने की बात स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा सर्वप्रथम 09.03.2025 को अपने एक साथी के साथ तिल्दा नेवरा जिला रायपुर जाकर शादी कार्यक्रम के सामने से एक स्कूटी जूपिटर, जो की लॉक नहीं था चोरी कर लिया गया। इसी प्रकार अगले दिन दिनांक 10.03.2025 को तिल्दा नेवरा से ही एक नीला रंग का स्कूटी जूपिटर चोरी किया गया।

### खनिज प्रबंधन में डिजिटल युग की नई शुरुआत

**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी, डिजिटल निगरानी और पर्यावरण-संवेदनशील खनन रणनीतियों को अपनाकर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नए आयाम दिए हैं। खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित उत्खनन के चलते बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के खनिज राजस्व में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के गठन के समय की तुलना में खनिज राजस्व में 30 गुना वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 13,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और 2024-25 में अप्रैल से फरवरी तक ही 11,581 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। यह पारदर्शी खनन नीति और प्रभावी प्रशासन का परिणाम है। अब तक 44 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

# 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दीपक सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के प्रगति कक्ष में मंगलवार को केन्द्र द्वारा प्रवर्तित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा (राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान) के सम्बंध में विभागीय एवं अंतर्विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों से मिलजुलकर परस्पर सहयोग से अपना सहयोग देने हेतु निर्देशित किया है ताकि हमारा जिला शत् प्रतिशत साक्षरता की दर प्राप्त कर सके। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव हिमांशु भारतीय ने पीपीटी के माध्यम से बताया की राज्य द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को 25000 शिक्षार्थियों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था।

# हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने 4 जरूरतमंद लोगों को उपचार के लिए 55 हजार रुपए सहायता की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 मार्च।** नगर में एक ऐसा ग्रुप संचालित है जिसके 180 सदस्य आर्थिक रुप से अक्षम लोगों की ईलाज के लिए आंशिक सहयोग राशि प्रदान करते हैं।इसी तारतम्य में ग्राम हरदी(छुरा)निवासी हुमन तिवारी द्वारा अपनी पुत्री आरती तिवारी जो कि किडनी इन्फेक्शन की समस्या से जूझ रही है 5000/- पांच हजार रुपए और उसी ग्राम के बुधराम सिन्हा ने अपने पुत्र भावेश सिन्हा के एक्सीडेंट केस में उपचार हेतु 10000/- दस हजार रुपए, ग्राम कनसिंघी (छुरा) निवासी चंपेश्वर निषाद पिता पुजेरी निषाद जो कि कैंसर संबंधित समस्या से ग्रस्त है 20000/- बीस हजार रुपए, कुरुसकेरा(राजिम) निवासी मुकेश निषाद ने अपनी पुत्री अदिति निषाद जो कि छत से गिर जाने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गई है 20000/-बीस हजार रुपए।इन चारों को उपचार हेतु हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के द्वारा जकुल 55 हजार रूपए की सहयोग राशि ग्रुप द्वारा प्रदान की गई। हेल्पिंग ग्रुप परिवार ने चारों पीड़ितों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया है।यह जानकारी ग्रुप के कोषाध्यक्ष श्री गोपाल सोनी और लक्की मेमन द्वारा दिया गया है।

हेल्पिंग हैंड्स चैरिटी ग्रुप-छुरा
खाता नंबर-87480100030314
IFSC CODE - BARB0DBCHHU

विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं। ग्रुप का एकमात्र उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना रहे।वर्तमान में सिर्फ गरियाबंद जिले के जरुरतमंदों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।भविष्य में इसका दायरा बढ़ाए जाने का लक्ष्य है। ग्रुप से जुड़कर सहयोग करने या स्थानीय जरूरतमंदों की जानकारी ग्रुप तक पहुंचाने के लिए मोबाइल नंबर 9179500959, 9893777868, 9993442877 और 8889135003, 9893382427 पर संपर्क किया जा सकता है।


**समक्ष श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

माधुरी कांगे पति स्व. श्री राकेश कांगे, जाति-गोड़, निवासी-बडेगौरी, तहसील-चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) .....शपथकर्ता

**शपथ-पत्र**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक कथन करता/करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक में सुधार के लिये 5वीं एवं 8वीं का अंकसूची संलग्न है। जिसमें मेरा नाम माधुरी अंकित है।
3. यह कि मैं अपना नाम जो मधु है उसे सुधार कर माधुरी कांगे राजपत्र में जारी कराकर सुधार कराना चाहती हूँ एवं मेरे द्वारा उक्त शपथ पत्र में दी गई जानकारी सही है एवं असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
4. यह कि मेरे द्वारा दिये गये जानकारी सत्य एवं सही है। इस आशय के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**माधुरी**
**शपथकर्ता**

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक सत्यनिष्ठा से घोषणा करती हूँ कि इस शपथ पत्र में उल्लेख 01 से 04 में दी गई जानकारी सही एवं सत्य है ।

दिनांक:- 18/03/25
स्थान:- चारामा

**माधुरी**
**सत्यापनकर्ता**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ 202503101500024
अ-27 वर्ष 2024-25
पाटन, दिनांक 12.03.2025
ग्राम पहंडोर प.ह.नं. 11
तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका बेदन बाई पिता अर्जन निवासी पहंडोर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम पहंडोर प.ह.नं. 11 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 296/1, 437/2, 674/1 रकबा कमशः 0.20, 0.20, 0.12 हे. कुल रकबा 0.52 हे. भूमिस्वामी बिरेन्द्र कुमार पिता जवाहर लाल, सरस्वती पिता जवाहर लाल, पंचबती बेवा जवाहर लाल, बेदन बाई पिता अर्जुन, गोपी साहू पिता जवाहर लाल, के नाम पर दर्ज है। आवेदिका एवं पक्षकारगण द्वारा खाता विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 24/03/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय, कोण्डागांव, (छ.ग.)**

**// शपथ-पत्र //**

मैं हासीम अंसारी पिता शाह मोहम्मद अंसारी, आयु-40 वर्ष, निवासी रोजगारी पारा वार्ड कोण्डागांव, तहसील - कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग., 494226, सत्यनिष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम आलिया तबस्सुम (AALIYA TABASSUM) एवं उसकी वास्तविक सही जन्मतिथि 01/06/2011 है, तथा वास्तविक सही पता रोज़गारी पारा वार्ड, कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग., 494226, है।
3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 3332 6981 6460, में उसका नाम त्रुटिवश यासिया (YASIYA) एवं उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 02/09/2011, तथा पता- गांव सिगोड़ी, पी ओ सिगोड़ी, पालीगंज, पटना, बिहार 801110, अंकित हो गई है।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 3332 6981 6460, में उसका वास्तविक सही नाम आलिया तबस्सुम (AALIYA TABASSUM) एवं उसकी वास्तविक सही जन्मतिथि 01/06/2011, तथा वास्तविक सही पता रोज़गारी पारा वार्ड, कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला - कोण्डागांव, छ.ग., 494226, अंकित करवाना चाहता हूँ, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**हासीम**
**शपथकर्ता**

**// सत्यापन //**

मैं हासीम अंसारी पिता शाह मोहम्मद अंसारी, सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक के तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 16/01/2025 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**हासीम**
**शपथकर्ता**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**!! ईश्तहार!!**

रा.प्र.क्र./202503095300001
अ-74 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मोहित कुमार निर्मलकर पिता सोनउ राम निर्मलकर जाति धोबी निवासी ग्राम सलोनी, द्वारा अपने पिता सोनउराम पिता रामप्रसाद की मृत्यु दिनांक 29/09/2005 को ग्राम सलोनी, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में हो जाने से तथा भूलवश मृत्यु का पंजीयन नही करा पाने के कारण अपने पिता सोनउराम पिता रामप्रसाद की मृत्युतिथि दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। अत्तः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति पेशी दिनांक 21/03/2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**

(फोन/ फैक्स नं. 07856-252362. ई-मेल eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू, क्रं./73-75/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2025 — दन्तेवाड़ा, दिनांकः 17/03/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।

**कार्य का नाम:- नलकुप खनन का कार्य।**

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165966 | विकासखण्ड दन्तेवाड़ा एवं गीदम में 16 नग नलकुप खनन | द्वितीय काल | 29.35 | 22020 |
| 2 | 165967 | विकासखण्ड कटेकल्याण एवं कुआकोण्डा में 16 नग नलकुप खनन | द्वितीय काल | 29.35 | 22020 |
| 3 | 165968 | जिला दन्तेवाड़ा में संचालित उपस्वास्थ्य केन्द्र, पोस्ट मार्टम रूम, तहसील कार्यालय, आश्रम एवं छात्रवासों में 22 नग नलकुप खनन एवं 04 नग पावरपम्प सहित का कार्य | द्वितीय काल | 40.93 | 30700 |
| | | कुल योग | | 99.63 | |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
**टीप:-** निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 01.04.2025 है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**दंतेवाड़ा**

G-242506001/4




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26